संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......

22 अक्टूबर 2024, मंगलवार

पृष्ठ-8 मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 07, अंक - 29

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज होगी जारी

**रांची ।** राज्य विधानसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण की अधिसूचना मंगलवार को जारी होगी। इसके साथ झारखंड की बाकी बची 38 विधानसभा सीटों के लिए नामांकन शुरू हो जाएंगे। इन 38 सीटों में 3 अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं, तो आठ अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए।

दूसरे चरण की अधिसूचना जारी होने के बाद नामांकन का दौर शुरू हो जाएगी। उम्मीदवार 29 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे।

ISO 9001:2015 CERTIFIED
IICC®
A New Way of Career
27 ANNIVERSARY
N·S·D·C National Skill Development Corporation
Transforming the skill landscape
☛MASTER DEGREE / BACHELOR DEGREE / DIPLOMA for........
FASHION DESIGN
INTERIOR DESIGN
UGC-NSDC, INSTITUTION
Reasons to join
☛Oldest and pioneer institutions of jharhand
☛Received more than 27 awards (national & state)
• 100% placement Assistance
☛Campus selection
☛Fashion Shows
☛Spoken English, P.D. Classes
☛Instruction in HINDI Also
☛Hostel Facilities
Triple Degree & Certificate
100% scholarship for sc/st students for E-kalyan
MOB- 9934611000,06512999991
WEB- www.iicc.org.in
Kataruka House, Beside Hotel Sartaj, Main Road, Ranchi - 834001

# डॉ.लुईस मरांडी ने भाजपा छोड़ा, झामुमो का दामन थामा

## झामुमो के टिकट पर जामा से लड़ सकती हैं चुनाव

- ●संताल परगना भाजपा में भगदड़, बेटिकट किए गए कई नेताओं ने पार्टी से दिया इस्तीफा
- ●सत्यानंद झा बाटुल और मिस्त्री सोरेन ने भी भाजपा से दिया इस्तीफा
- ●टिकट नहीं मिलने से नाराज पूर्व मंत्री राज पलिवार मधुपुर से निर्दलीय लड़ सकते हैं चुनाव





सत्यानंद झा बाटुल और मिस्त्री सोरेन



पूर्व मंत्री राज पलिवार

**संताल एक्सप्रेस टीम**

**रांची/दुमका।** विधान सभा चुनाव के लिए भाजपा के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा के साथ ही पार्टी में भगदड़ मच गई है। संताल परगना में टिकट नहीं मिलने से नाराज कई नेताओं ने बगावत कर दिया है। इस्तीफा और पाला बदलने का दौर शुरु हो गया है।पूर्व मंत्री डॉ.लुईस मरांडी ने भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सहित सभी पदों और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।भाजपा से इस्तीफा देने के बाद डॉ.लुईस मरांडी देर शाम सीएम हाउस पहुंच कर मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के समक्ष झामुमो का दामन थामा।मौके पर गांडेय विधायक विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं।डॉ.लुईस मरांडी झामुमो के टिकट पर जामा विधान सभा सीट से चुनाव लड़ने वाली हैं। सोमवार को देर रात तक इसकी घोषणा हो सकती है। डॉ.लुईस मरांडी दुमका सीट से भाजपा टिकट की दावेदार थी,पर पार्टी ने इस सीट से पूर्व सांसद सुनील सोरेन को प्रत्याशी बनाया है।

इधर नाला विधान सभा क्षेत्र से बेटिकट किए गए पूर्व मंत्री सत्यानंद झा बाटुल ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है।श्री बाटुल ने नाला से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है।वे 2019 में नाला सीट से चुनाव लड़े थे और इस चुनाव में भी टिकट के दावेदार थे। भाजपा ने इस सीट से सत्यानंद झा बाटुल की जगह माधव चन्द्र महतो को टिकट दिया है।इससे नाराज हो कर सत्यानंद झा बाटुल ने पार्टी से इस्तीफा देने और निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला लिया है।

इस बीच महेशपुर विधान सभा क्षेत्र से भाजपा टिकट के दावेदार पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। भाजपा ने इस सीट के लिए नवनीत हेम्ब्रम को टिकट दिया है। नवनीत हेम्ब्रम कुछ दिनों पूर्व ही डीएसपी की नौकरी छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए है।

इधर पूर्व मंत्री राज पलिवार भी टिकट नहीं मिलने से नाराज हैं। राज पलिवार मधुपुर से टिकट के प्रबल दावेदार थे पर भाजपा ने यहां से गंगा नारायण सिंह को टिकट दिया गया है। राज पलिवार मधुपुर से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। सूत्रों ने बताया कि राज पलिवार कांग्रेस के सम्पर्क में हैं।वे जरमुंडी से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं।इसकी संभावना कम है क्योंकि जरमुंडी से पूर्व मंत्री बादल कांग्रेस के सीटिंग विधायक हैं।

## डॉ. लुईस मरांडी ने प्रदेश अध्यक्ष को भेजा इस्तीफा

**पार्टी में आंतरिक अनुशासन कमजोर होने और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को दरकिनार करने का लगाया आरोप**

**रांची।** पूर्व मंत्री और भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ लुईस मरांडी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इस संबंध में उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को पत्र लिख कर औपचारिक जानकारी दे दी है। इसमें उन्होंने भाजपा से अपना सियासी सफर शुरू करने और 2014 के विधानसभा चुनाव में उन्हें मौका देने तथा मंत्री बनाने के लिए आभार जताया है। साथ ही आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी में आंतरिक अनुशासन कमजोर हुआ है। निष्ठावान कार्यकर्ताओं को दरकिनार किया जा रहा है। झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हुई सीता सोरेन को निशाने पर लेते हुए कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान उन पर जानबूझ कर गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद उन्हें अपेक्षा थी कि पार्टी के लीडर इस पर पहल करेंगे पर ऐसा हुआ नहीं। लुईस के मुताबिक उन्हें 2024 के विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की ओर से तैयारी करने को कहा गया था पर उनकी उपेक्षा हुई। ऐसे में अब वे भारी मन से पार्टी से इस्तीफा दे रही हैं।

## इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग फाइनल

# झामुमो 41, कांग्रेस 29, राजद 7 सीट व माले 4 सीट पर लड़ेगी चुनाव



**संवाददाता**

**रांची ।** चार दिनों तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे, किच-किच और माथापच्ची और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दखल के बाद सोमवार को आखिरकार इंडिया गठबंधन में राजद और माले के बीच सीट का पेंच समाप्त हो गया है।नए सीट शेयरिंग फार्मूले तहत राजद को सात एवं माले को चार सीट देने पर सहमति बन गयी।राजद को पिछली बार दी गयी बरकट्ठा सीट से ड्राप करके कांग्रेस अपने हिस्से की विश्रामपुर सीट देने को राजी हो गयी है। पिछली बार इस सीट से कांग्रेस के ददई दूबे चुनाव लड़े थे।अब राजद के हिस्से में गोड्डा, चतरा, हुसैनाबाद, विश्रामपुर, छत्तरपुर और देवघर सीट आई है।जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में राजद के हिस्से बरकट्ठा सीट थी।पिछली बार की तरह ही राजद इस बार भी सात सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अगर माले की बात करें तो उसे गठबंधन की ओर से बगोदर, धनवार, निरसा और सिंदरी सीटें दी गयी हैं।जबकि माले की जमुआ सीट पर भी दावेदारी थी।मगर जमुआ सीट से भाजपा के सिटिंग विधायक केदार हाजरा का पार्टी से टिकट कटने और झामुमो ज्वाइन करने के बाद झामुमो के लिए जमुआ सीट प्रतिष्ठा का विषय बन गई है।जिसमें अंततः हेमंत सफल रहे। समझौते के तहत अब झामुमो 41, कांग्रेस 29, राजद 07 और भाकपा माले 04 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी।

हालांकि इसकी अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।लाख प्रयास के बावजूद आखिरकार राजद कांग्रेस की आदिवासी आरक्षित सीट मनिका नहीं ले पाए।कांग्रेस किसी भी कीमत पर यह सीट देने को राजी नहीं हुई।ऐसे में हेमंत सरकार में राजद कोटे से इकलौते श्रम एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता आउट हो गए।हालांकि पार्टी चाहे, तो अपने हिस्से में आई सामान्य सीट से भोक्ता को चुनाव लड़ा सकती है।मगर इससे पार्टी में विरोध होने की संभावना है, क्योंकि पहले ही चतरा एससी सीट से उनकी बहू रश्मि प्रकाश को पार्टी लड़ाने जा रही है।इसलिए केवल सात सीट में से दो सीट भोक्ता परिवार से ही लड़ाई जाएगी, इसकी इसकी संभावना नहीं है। बताते चलें कि भोक्ता जाति जो अनुसूचित जाति सूची में शामिल रही, उसे केंद्र सरकार ने अब अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल कर दिया है। इसलिए अब सत्यानंद भोक्ता एससी सीट से चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। चूंकि उनकी बहू रश्मि प्रकाश अनुसूचित जाति से संबंध रखती हैं, इसलिए सत्यानंद भोक्ता ने अपनी बहू का नाम चतरा के लिए आगे कर दिया।सत्यानंद भोक्ता हेमंत सोरेन के बहुत करीबी मंत्री के रूप में जाने जाते हैं, इसके बावजूद वे मनिका सीट उनके लिए कांग्रेस से नहीं दिलवा पाए।शायद अपने राजनीतिक जीवन में राजद के राजकुमार और बिहार प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव को पहली बार किसी चुनाव में सीट को लेकर इतनी मशक्कत करनी पड़ी। तेजस्वी यादव शुक्रवार की शाम को रांची आए। होटल रेडिसन ब्लू राजद के राजनीति का केंद्र बिंदु बना रहा।रविवार का दिन और सोमवार का दिन इंडिया गठबंधन और राजद के लिए काफी तनावपूर्ण एवं उतार-चढ़ाव वाला रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### लोजपा ने जनार्दन पासवान को चतरा से दिया टिकट

**रांची ।** पूर्व विधायक जनार्दन पासवान चतरा से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के उम्मीदवार होंगे। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने जनार्दन पासवान को उम्मीदवार घोषित करते हुए सिंबल और लेटर दे दिया है। जनार्दन पासवान रविवार को ही दिल्ली में लोक जनशक्ति पार्टी में शामिल हुए थे। पार्टी में शामिल होने के बाद उन्होंने चतरा विधानसभा सीट के लिए आवेदन दिया था। इसके बाद संसदीय बोर्ड की बैठक में जनार्दन पासवान के नाम पर सहमति बनी और उन्हें उम्मीदवार घोषित कर दिया गया।

### विधानसभा चुनाव में अर्धसैनिक बलों की 119 कंपनियों की होगी तैनाती

**रांची ।** झारखंड विधानसभा चुनाव में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राज्य में दो चरणों में चुनाव होगा। पहला चरण 13 नवंबर और दूसरा चरण 20 नवंबर को होगा। चुनाव के परिणाम 23 नवंबर को आयेंगे। तारीखों की घोषणा के बाद झारखंड पुलिस भी चुनाव की तैयारियों में जुट गयी है, ताकि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो सके। पुलिस मुख्यालय से सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार इसको लेकर झारखंड में 119 कंपनी (11 हजार जवान) अर्धसैनिक बल की तैनाती होगी। इनमें 91 अर्धसैनिक बल की कंपनियां झारखंड आ गयी हैं।

### हाईकोर्ट ने जज उत्तम आनंद हत्याकांड में पीआईएल किया बंद

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में धनबाद के जज उत्तम आनंद हत्याकांड में दर्ज कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई सोमवार को हुई। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने खंडपीठ को बताया कि जज उत्तम आनंद हत्याकांड की अनुसंधान पूरी कर ली गई है और वृहत षड्यंत्र का कोई मामला नहीं मिला है। मामले में फाइनल फॉर्म भी निचली अदालत में दाखिल किया जा चुका है। दो अभियुक्तों के खिलाफ चार्जशीट हुई थी, उन्हें सजा मिल चुकी है। खंडपीठ ने सीबीआई का पक्ष सुनने के बाद इस जनहित याचिका का निष्पादित कर दी।

## झारखंड से दी गई थी अभिनेता सलमान खान को धमकी

**संवाददाता**

**रांची ।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को धमकी मामले का कनेक्शन झारखंड से जुड़ रहा है। सलमान खान को पांच करोड़ रुपये देने के लिए धमकी भरा मैसेज किया गया था। घटना का पता चलते ही मुंबई पुलिस एक्शन में आ गई और मामले की जांच में जुट गई। मुंबई पुलिस को जांच के दौरान मैसेज भेजने वाले की लोकेशन झारखंड में मिली है। पुलिस आगे की जांच कर रही है। हालांकि इस बीच धमकी देने वाले ने दोबारा मैसेज कर माफी मांगी है। मैसेज करने वाले ने कहा कि उससे यह मैसेज गलती से गया और इसके लिए वो माफी चाहता है।

एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को पिछले हफ्ते ट्रैफिक कंट्रोल के व्हाट्सएप नंबर के जरिए धमकी भरा मैसेज मिला था। मैसेज के जरिए धमकी देने वाले ने अभिनेता सलमान खान से पांच करोड़ रुपये की मांग की थी। साथ ही यह भी लिखा था कि इसे हल्के में मत लीजिए, अगर सलमान खान जिंदा रहना चाहते हैं और लॉरेंस बिश्नोई से दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं तो उन्हें पांच करोड़ रुपये देने होंगे। पैसे नहीं दिए तो सलमान खान का हाल बाबा सिद्दीकी से भी बदतर होगा। इसके बाद से ही मुंबई पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। धमकी भरे मैसेज भेजने के बाद मुंबई पुलिस मैसेज भेजने वाले की जांच में जुट गई। जबकि करीब एक सप्ताह के बाद मुंबई ट्रैफिक पुलिस को उसी व्हाट्सएप नंबर से एक और संदेश मिला। लेकिन, इस मैसेज में धमकी देने वाले व्यक्ति ने माफी मांगी। संदेश भेजने वाले ने कहा कि यह मैसेज गलती से भेजा गया था और वह इसके लिए माफी मांगता है।

सलमान खान को धमकी भरा मैसेज और पांच करोड़ रुपये मांगने वाले शख्स का झारखंड से कनेक्शन है। मैसेज आने के बाद मुंबई पुलिस ने जांच की तो मैसेज भेजने वाले की लोकेशन झारखंड में मिली। इसके बाद पुलिस हरकत में आई।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुंबई पुलिस की एक टीम झारखंड आकर मामले की जांच करेगी। हालांकि इस बीच मैसेज भेजने वाले ने माफी मांग ली है। लेकिन मुंबई पुलिस ने इसे बहुत ही गंभीरता से लिया है। सलमान खान को यह धमकी ऐसे समय में मिली थी जब मुंबई में उनके दोस्त और नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## हाईकोर्ट से पंकज मिश्रा को मिली जमानत

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट से टेंडर मैनेज करने और साहेबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोपित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि रहे पंकज मिश्रा को सोमवार को जमानत मिल गई है।

हाई कोर्ट की एकल पीठ ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, रोहित रंजन सिन्हा, अभिषेक अग्रवाल ने पैरवी की। इसके पूर्व पीएमएलए कोर्ट ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका दूसरी बार खारिज कर दी थी, जिसके बाद उसने हाई कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है।

उल्लेखनीय है कि पंकज मिश्रा को ईडी ने पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान ईडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर चुकी है।

## सुनील तिवारी को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, यौन उत्पीड़न केस रद्द

**संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के करीबी और उनके सलाहकार रहे सुनील तिवारी के खिलाफ दर्ज यौन उत्पीड़न के केस को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। सुनील तिवारी के खिलाफ कांड संख्या 229/ 2021 और 180/ 2024 दर्ज किया गया था।सुनील तिवारी की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई।उनकी ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा।बता दें कि खूंटी की एक युवती ने सुनील तिवारी पर दुष्कर्म करने और जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए गाली देने का आरोप लगाया था।युवती ने 16 अगस्त 2021को रांची के अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी।प्राथमिकी में पूरे घटनाक्रम का क्रमवार जिक्र किया गया था। जिसके बाद सुनील तिवारी ने उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने के लिए हाईकोर्ट का रूख किया था। प्राथमिकी रद्द होने से उन्हें बड़ी राहत मिली है।

## दुबारा सत्ता में आते ही भवनाथपुर में लगाया जाएगा पावर प्लांट : हेमंत

**संवाददाता**

**पलामू ।** पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर स्थित गोसाईं बाग मैदान में सोमवार को झामुमो द्वारा अनंत प्रताप देव के नामांकन के दौरान रैली का आयोजन किया गया। नामांकन रैली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल हुए। रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा बंशीधर नगर की नगरी में वे अपना पहली चुनावी सभा कर रहे हैं। बंशीधर महोत्सव को उनकी सरकार ने राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया। चुनाव में बाबा बंशीधर का आशीर्वाद उन्हें जरूर मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार को दुबारा सत्ता में आते ही भवनाथपुर में पावर प्लांट लगाया जाएगा। उन्होंने पहले कार्यकाल में पावर प्लांट की आधारशिला रखी थी, लेकिन कुछ विषम परिस्थितियों के कारण प्लांट नहीं बन सका था। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में विकास की ऐसी लकीर खींची है कि उसे गिनाना मुश्किल है। मईया सम्मान योजना से हर घर को लाभ हुआ है। दिसंबर से इसकी राशि ढाई हजार रुपए हो जायेगी। वहीं अगली बार हर महिलाओं को साल में एक लाख रुपए दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग सत्ता के भूखे हैं। पांच साल सत्ता से दूर रहने के दौरान हमें काफी परेशान किया। उन्हें पांच साल सोने नहीं दिया। सत्ता के लिए धन-बल का इस्तेमाल कर



लोगों को गुमराह करने की कोशिश में लगे हैं, लेकिन यहां की जनता इस चुनाव में भी उन्हें सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के कुचक्र को खत्म करने के लिए उनलोगों ने इंडिया गठबंधन बनाया है। इस दौरान झामुमो उम्मीदवार अनंत प्रताप देव, पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, ताहिर अंसारी, सोगरा बेगम, झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, सूर्यदेव मेहता, लल्लू राम, कामता प्रसाद, रमेश चंद्रवंशी, अमरनाथ पांडेय, अमर राम, बबलू पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी सहित काफी लोग मौजूद थे।

## हमारा विश्वास है, हमारा कोई परिवारवाद नहीं है : हिमंत सरमा

**संवाददाता**

**रांची ।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्व सरमा सोमवार को रांची पहुंचे। यहां एयरपोर्ट से निकलने के बाद परिवारवाद के आरोपों पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी की सूची जारी होने के बाद झारखंड में यह इतिहास रहा है कि कुछ असंतुष्टि नजर आती ही है और कुछ इस्तीफे मिलते हैं। हमारे पास यही संकेत आ रहे हैं कि चुनाव को लेकर लोग बहुत उत्साहित हैं, ज्यादा लोगों में



असंतुष्टि नहीं है। सरमा ने कहा कि लोग नामांकन के काम में लग गए हैं, थोड़ी बहुत जो लोगों में असंतुष्टि है, वह स्वाभाविक है। जिनके भी मन में खेद और दुख है, उससे हम बात कर लेंगे। हर पार्टी में टिकट अनाउंसमेंट के बाद दो-तीन दिनों तक असंतुष्टि होती है इसलिए मैं इसमें कोई भी टिप्पणी नहीं करूंगा। हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि हमारा मेनिफेस्टो है, हमारा संकल्प है, उसको लेकर हम जनता के बीच में जाएंगे और एनडीए को जनता विजयी बनाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा विश्वास है, हमारा कोई परिवारवाद नहीं है। अर्जुन मुंडा चुनाव नहीं लड़ रहे हैं इसलिए उनकी पत्नी को टिकट दिया गया है।

## झामुमो के आरोप बेबुनियाद और तथ्यों से परे : सीईओ

**संवाददाता**

**रांची ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता सुप्रियो भट्टाचार्य के द्वारा मतदान के समय को लेकर लगाये गये आरोप बेबुनियाद और तथ्यों से परे हैं। उन्होंने कहा कि झारखण्ड विधानसभा 2024 में मात्र 3त्न मतदान केंद्रों पर ही शाम 4 बजे तक मतदान होगा। झारखण्ड विधानसभा 2014 में 89त्न एवं 2019 में 63त्न मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 3 बजे तक मतदान हुआ था। वह सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे।उन्होंने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान के कम समय को लेकर लगाए गए आरोप के सन्दर्भ में तथ्य निम्नानुसार हैं।राज्य में कुल 29,562 मतदान केंद्र है, जिसमें से ग्रामीण क्षेत्रों में 24,520 मतदान केंद्र है और शहरी क्षेत्र में 5,042 मतदान केंद्र है। 981 नक्सल प्रभावित ग्रामीण मतदान केन्द्रों को छोड़कर, 23,539 ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में एवं सभी शहरी क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में मतदान का समय सुबह 7 बजे से सांय 5 बजे तक का है।2014 एवं 2019 के विधानसभा चुनावों में 89त्न (22,132) एवं 63त्न (18,555) मतदान केंद्रों पर मतदान का समय प्रातः 7 बजे से सायं 3 बजे तक रखा गया था।

## उड़ान योजना ते भारत रेयाक् विमानन क्षेत्र रे हेच्एना लाहान्ती : माराङमंत्री

**खोबोरिया**

**नावां दिल्ली।** माराङमंत्री नरेन्द्र मोदी दो सोमवार हिलोक् उड़ान (उड़ाक्ो दिसाम रेन जाहांय होड़) योजना रेयाक् 8वीं वर्षगांठओपसोर रेय मेन केदा जे पारोमेन इराल बोछोर रे नोआ योजना दो भारत रेयाक् विमानन क्षेत्र रेय लाहान्ती आकादा। माराङमंत्री दो एक्स रेय पोस्ट केदा, तेहेञ उड़ान रेयाक् 8 बोछोर पुरावक्काना, नोआ दो मित् नोङकान पोंथा काना, ओकोय दो भारत रेयाक् विमानन क्षेत्रय बोदोल आकादा। हवाई अड्डा लेखा ढेरोक् रे जासती हवाई होर हाबिच्, नोआ योजना दो करोड़के होड़ उड़ान रेयाक् सुबिताय निट आकादा। सांवते गे, नोआ बेयापार आर बानिज बाढाव एमावाक् आर क्षेत्रीय विकास लाहाय रेयाक् माराङ एसेर पाड़ाव आकाना। दारायकान



सोमोय रे, विमानन क्षेत्रबोन केटेच् इदीया आर होड़को लागित् बेसते कनेक्टिविटी आर आराम रे धेयानबोनदोहोया। बाडायाक् काना जे तेहेञ दिसाम दो उड़ान योजना रेयाक् 8 बोछोर पुरावेन रेयाक् रासकाय मानावेत् काना। नोआ दो 2016रे एतोहोप् लेना। नोआ मित् दूरदर्शी पोंथा काना, नोआ रेयाक्मोतलोब दो मिमित् भारोतीयाको लागित् होय सांगार किफायती आरसुलभ मोंज ते बेनाव होयोक्आ। माराङमंत्री मोदीयाक् आयुर रे उड़ान दो वंचित क्षेत्रको आसोल सोहोर सांव जोड़ाव काते विमाननसेक्टर रेय लाहान्ती आकादा, नोआ ते लाखके होड़ होय सांगारदाड़ांय रे गोड़ोंको आमाकादा। सांगिञ टोठाको विमानन नेटवर्क सांव जोड़ाव काते उड़ान दो पर्यटन, बेपार आर लाहान्तीय बाढाव आकादा। नोआ ते नोआ निट आकाना जे लाहान्ती भारत रेयाक् मिमित् कोना हाबिच् सेटेरोक्।

## गिरिडीह में दो कारों के बीच टक्कर, बीबीएमकेयू वीसी के 2 रिश्तेदार समेत 3 की मौत

**संवाददाता**

**गिरिडीह ।** गिरिडीह जिले में सोमवार को हुई सड़क दुर्घटना में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू), धनबाद के कुलपति प्रो. रामकुमार सिंह की पत्नी के 2 रिश्तेदारों समेत 3 लोगों की मौत हो गई है।दुर्घटना गिरिडीह जिले में के ताराटांड़ थाना क्षेत्र के पंडरी में हुई।मृतकों की पहचान कैलाश सिंह, सुरेंद्र सिंह और राजीव रंजन सिन्हा के रूप में हुई है।कैलाश सिंह और सुरेंद्र सिंह कुलपति के रिश्तेदार थे।वे कुलपति की पत्नी के ममेरे और चचेरे भाई थे।मृत तीसरा व्यक्ति राजीव रंजन सिन्हा कार का चालक था।कुलपति की पत्नी के रिश्तेदार कैलाश और सुरेंद्र उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के रहने वाले थे।मिली जनकारी के अनुसार, कुलपति की पत्नी के रिश्तेदार कार से बाबानगरी देवघर जा रहे थे।तभी सुबह में गिरिडीह-टुंडी मुख्य मार्ग पर गिरिडीह जिले के ताराटांड़ के पंडरी के समीप दूसरी कार से जोरदार टक्कर हो गई।इसमें एक कार पर कुलपति के रिश्तेदार सुरेंद्र सिंह व कैलाश सिंह सवार थे।कार को चास (बोकारो) निवासी राजीव रंजन चला रहा था। तीनों की मौत हो गई।

# मुख्यमंत्री एवं मंत्री की फोटो लगी 80 दीवार घड़ी और बाइक जब्त, तीन पर एफआईआर



संवाददाता

**पलामू ।** विधानसभा चुनाव में वोटरों को लुभाने के लिए प्रत्याशियों द्वारा धोती, साड़ी, घड़ी बांटने का सिलसिला जारी हो गया है। इसी कड़ी में पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिला अंतर्गत रंका थाना क्षेत्र के टिमन बाजार से रविवार की रात करीब 10 बजे अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी, थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने 80 पीस दिवाल घड़ी, दो बाइक (सीजी 30 पी 9548, जेएच 03 आई 1466) बरामद की है। मुख्यमंत्री घड़ी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सहित जेएमएम का चुनाव चिन्ह का लोगों लगा हुआ है। घड़ी बरामदगी के बाद अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी ने सोमवार को तीन लोगों के विरुद्ध आचार संहिता उलंघन का मामला दर्ज कराया है। इनमें जोगीखुरा निवासी लतीफ अंसारी के पुत्र अयुब अंसारी, कलाम अंसारी के पुत्र तौहिद अंसारी तथा मुंगदह निवासी सलामुद्दीन अंसारी शामिल हैं। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि टिमन बाजार में रात्रि 10 बजे मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्यकर्ताओं द्वारा घड़ी बांटे जा रहे हैं। इसी आलोक में अंचल पदाधिकारी शिवपूजन तिवारी, थाना प्रभारी स्वयं जवानों के साथ टिमन बाजार पहुंचे। वहां 25-25 ग्रामीण महिला-पुरुष लाइन में खड़े हैं और घड़ी बांटी जा रही है। पुलिस को देखते घड़ी बांटने वाले लोग पुलिस की गाड़ी देखते दौड़कर भागने में सफल हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि घड़ी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सहित जेएमएम का चुनाव चिन्ह लगा हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि घड़ी व दो बाइक कर थाना लाया गया है।

# झारखंड के छात्रों को पूरा न्याय देंगे : शिवराज



संवाददाता

**रांची ।** भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि जो अन्याय झारखंड के विद्यार्थियों के साथ हुआ है, युवाओं के साथ हुआ है उसकी मिसाल पूरे हिंदुस्तान में कहीं देखने को नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में बार-बार पेपर लीक, उसके पीछे भी षडयंत्र, बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बच्चों ने बताया वर्षों से इंतजार कर रहे हैं, माता-पिता पेट काट के इस आस में पढ़ाते हैं कि यह एग्जाम देंगे, सिलेक्ट होंगे और नौकरी करेंगे और बार-बार इन छात्रों के साथ धोखा किया गया। यहां भेदभाव नहीं हुआ बेईमानी हुई है। अंधा बांटे रेवड़ी चीन चीन के देय इसलिए छात्र आक्रोशित हैं। भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है, विद्यार्थियों को छात्रों को न्याय देने का।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा बच्चों को न्याय देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, बेईमानी पूर्वक अगर कोई परीक्षा हुई है तो उसके रिजल्ट क्यों घोषित होने चाहिए? उन्होंने कहा कि जांच करके जिन्होंने बार-बार पेपर लीक किया है वह जेल जाएंगे। भाजपा का ये संकल्प है कि जो दो लाख 87 हजार पद हैं वह कैलेंडर बनाकर हम पहले साल में डेढ़ लाख भरेंगे और बाकी पद भी हम कैलेंडर घोषित करके कब एग्जाम होगा, कब रिजल्ट आएगा और कब नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे हम देंगे।

## झामुमो चुनाव बुरी तरीके से हार रही : बाबूलाल



**रांची ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को कहा कि परिवारवाद का मतलब परिवार से ही पार्टी की पहचान और परिवार से ही पार्टी संचालित होना है। देश में कांग्रेस पार्टी की पहचान और संचालन गांधी परिवार से होता है। झारखंड में झामुमो की पहचान और संचालन शिबू सोरेन के परिवार से होता है। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल की पहचान और संचालन लालू प्रसाद यादव के परिवार से होता है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की पहचान और संचालन भी मुलायम सिंह यादव के परिवार से होता है। इसे परिवारवाद कहते हैं। उन्होंने कहा कि कोई चुनाव लड़ता है तो कहीं ना कहीं किसी का कोई बेटा होता है, कोई बहू होती है, कोई पत्नी होती है, कोई भाई होता है। यह हो सकता है लेकिन पार्टी का संचालन वे नहीं करते हैं। पार्टी का संचालन कार्यकर्ता करते हैं। भारतीय जनता पार्टी का एक सिस्टम है। इसी सिस्टम के तहत पार्टी का संचालन होता है। इसे परिवारवाद कहना गलत है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय कुछ लोगों की नाराजगी होती है। सभी से हम लोग बात कर रहे हैं। मरांडी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को यह पता है कि वह चुनाव बुरी तरीके से हार रहे हैं। इसलिए अभी से उन्होंने बहाना बनाना शुरू कर दिया है। आरोप लगाना शुरू कर दिया है कि बीजेपी चुनाव आयोग से मिली हुई है। कोई सबूत तो दे दे। मरांडी ने कहा कि बंटी और बबली पति-पत्नी हैं। पांच साल इन दोनों ने झारखंड के लोगों को ठगा है।

## पांच विधानसभा क्षेत्र में एक भी उम्मीदवार ने नहीं किया नामांकन

**रांची ।** आगामी विधानसभा चुनाव में सोमवार को पांच विधानसभा सभा क्षेत्र तमाड़, रांची, हटिया, कांके और मांडर में नामांकन एवं फार्म बिक्री किया गया। जिला प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार तमाड़ विधानसभा क्षेत्र से एक भी नामांकन नहीं हुआ, जबकि छह फार्म बिक्री हुई है। साथ ही रांची विधानसभा क्षेत्र से एक भी नामांकन नहीं हुआ, जबकि तीन फार्म की बिक्री हुई। हटिया विधानसभा क्षेत्र से एक भी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया, सात फार्म बिक्रा। इसके अलावा कांके से एक भी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया, यहां पांच फार्म की बिक्री हुई। साथ ही मांडर से भी एक भी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया, जबकि चार फार्म की बिक्री हुई।

## 22 व 23 अक्टूबर तक अपने थाने में जमा करायें अपने शस्त्र,नहीं तो लाइसेंस होगा रद्द

**पलामू ।** जिले में स्वच्छ शांतिपूर्ण,भयमुक्त व शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर पलामू जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञसिधारियों को 22 व 23 अक्टूबर तक अपने-अपने शस्त्रों को अपने थाने में जमा कराने के निर्देश दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में कोई बैठक में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संचालित करने के लिए कई महत्वपूर्ण विषयों पर दिशा निर्देश जारी किए गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि निर्धारित तिथि तक शस्त्र जमा नहीं करने वाले लाइसेंस धारियों का लाइसेंस रद्द कर दिया जायेगा।

## पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए कदम उठाए

**जसीडीह।** भीड़-भाड़ और बढ़ती यातायात को समायोजित करने के लिए विशेष ट्रेनों के संचालन से भगदड़, जेबकतरे, नशाखोरी और विध्वंसक गतिविधियों सहित संभावित सुरक्षा चुनौतियों पैदा होती हैं। इसके जवाब में, पूर्व रेलवे के आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) ने सभी यात्रियों की सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा उपाय शुरु किए हैं। भीड़ को नियंत्रित करने और भगदड़ जैसी स्थितियों को रोकने के लिए अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मियों को रणनीतिक रूप से प्लेटफार्मों, फुट-ओवर ब्रिज और महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर तैनात किया गया है। वर्दीधारी कर्मियों की उपस्थिति बढ़ाई जाएगी, अधिकारी उचित भीड़ विनियमन सुनिश्चित करेंगे। जसीडीह, मधुपुर जैसे स्टेशनों, जहां त्योहारों के दौरान भारी भीड़ की उम्मीद है, उन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) और स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ घनिष्ठ समन्वय इन प्रमुख स्थानों पर सुचारू संचालन और सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। देर रात यात्रा करने वाले यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष ट्रेनों की सुरक्षा के लिए आरपीएफ कर्मियों को तैनात किया जाएगा। रेलवे स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा निरंतर की जाएगी।

## गिरिडीह में भू-माफिया पशु चिकित्सक की जमीन पर कर रहे अवैध दावा, जांच में जुटी पुलिस

**गिरिडीह।** गिरिडीह में भू- मफियाओं का मनोबल दिनानुदिन बढ़ता जा रहा है। जिससे गिरिडीह वासी खुद को काफी असुरक्षित महसूस करने लगे है। ताजा मामला गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर का है। इस मुहल्ले में वर्षों से निवास करने वाले पशु चिकित्सक डॉ. रामकिशोर शर्मा की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने की नियत से भूमाफिया 50 से अधिक संख्या में हरवे हथियार के साथ रविवार की सुबह पहुंच गए और डॉ. शर्मा की खाली पड़ी जमीन पर दी गयी चारदीवारी को तोड़ दिया।इस घटना के बाद मुहल्ले में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और भूमाफिया को खदेड़ कर भगाया। इस मामले में रविवार की शाम को जया कुमारी पति डॉ अनिल कुमार ने नगर थाना में लिखित आवेदन देकर राजेन्द्र यादव, बबलू अंसारी उर्फ़ बबलू गांधी, मो. सरफराज, छोटू उर्फ़ अख्तर, मो. साकिब, मो. याकूब उर्फ़ जियाउद्दीन, मो. मजहर, मो. इनामुल, मो. जिबराइल अंसारी समेत 70-80 अज्ञात लोगों के खिलाफ उनकी जमीन पर अवैध रूप से घुस कर चारदीवारी तोड़ने समेत कट्टा सटा कर 25 लाख रूपये रंगदारी मांगने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## कोचांग गैंग रेप मामले में सजायाफ्ता जॉन जोनस टुडू को मिली जमानत

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में खूंटी में वर्ष 2018 में हुए चर्चित कोचांग गैंग रेप मामले के सजायाफ्ता जॉन जोनस टुडू को से राहत मिली है। हाई कोर्ट ने उसकी क्रिमिनल अपील पर सुनवाई के दौरान उसकी जमानत अर्जी पर सोमवार को सुनवाई की। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने जॉन जुनास तिडू के जेल में रहने की अवधि एवं अन्य सह अभियुक्तों को मिली जमानत के आधार पर उसे जमानत दे दी। खूंटी के सिविल कोर्ट ने 17 मई, 2019 को इसे गैंग रेप मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। गैंगरेप का यह मामला साल 2018 जून महीने का है। खूंटी जिले में पांचों लड़कियों को अगवा कर उनके साथ गैंगरेप किया गया था। तब पत्थलगड़ी आंदोलन चल रहा था। उस समय एक एनजीओ से जुड़ी पांच महिलाएं कोचांग गांव में जागरुकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक करने गई थीं। उस दौरान उन्हें अगवा कर गैंगरेप किया गया था। निचली अदालत ने फादर अल्फांसो को घटना का साजिशकर्ता माना था। इस मामले में फादर अल्फांसो आईंद के अतिरिक्त जॉन जोनस टुडू, बलराम समद, बाजी समद उर्फ टकला, जोनास मुंडा, अजूब सांडी पूर्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

## डीसी के हाउस गार्ड से दो लाख रुपये की छिनतई

**कोडरमा ।** कोडरमा थाना के पीछे मत्स्य विभाग के समीप सोमवार को बैंक से पैसा निकाल कर लौट रहे डीसी हाउस गार्ड मंटू नायक से मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक दो लाख रुपये से भरा बैग की छिनतई कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार मंटू नायक बैंक से पैसे को निकालकर कोडरमा बाजार सहाना रोड होते हुए कोडरमा थाना के पीछे से डीसी आवास जा रहा था। जहां बैंक से पीछा करते हुए आ रहे दो मोटरसाइकिल सवार ने घटना को अंजाम दिया। वहीं इस घटना के बाद कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। कोडरमा थाना में कांड संख्या 227/24 के तहत मामला दर्ज करते हुए इस मामले की जांच में जुट गए है। वहीं कोडरमा बाजार और बैंक के सीसीटीवी खंगाल रहे है, ताकि उक्त दोनों छिनतई करने वाले युवकों की पहचान कर उन्हें पकड़ा जा सके।

## बड़कागांव में अब तक 14 लोगों ने खरीदा नामांकन प्रपत्र

**रामगढ़ ।** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में बड़कागांव विधानसभा के लिए भी वोटिंग होने वाला हैं। 18 अक्टूबर से ही इस सीट के लिए लोग नॉमिनेशन फॉर्म खरीद रहे हैं। सोमवार की शाम तक कुल 14 लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा है। हालांकि अभी तक किसी भी व्यक्ति ने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया है।

# मंत्री मिथिलेश ठाकुर, विधायक भानू समेत पांच ने किया नामांकन



संवाददाता

**पलामू ।** पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढवा एवं भवनाथपुर विधानसभा सीट के लिए तीसरे दिन सोमवार को पांच नामांकन हुए। गढवा विधानसभा क्षेत्र के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर झामुमो से एक मात्र मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने नामांकन दाखिल किया। इसी तरह भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने नॉमिनेशन किया। वही भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही, निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में देवेंद्र कुमार प्रजापति और राहुल कुमार गुप्ता ने नामांकन दाखिल किया।

मंत्री मिथिलेश ठाकुर नामांकन दाखिल करने के लिए ओपन जीप पर सवार होकर समाहरणालय तक पहुंचे। मंत्री के नामांकन रैली में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान मिथिलेश ठाकुर जिंदाबाद के नारे लगातार समर्थकों की तरफ से लगाए जा रहे थे। नामांकन से पहले मिथिलेश ठाकुर गढ़देवी के मंदिर पहुंचे थे और उन्होंने माता के दर्शन कर जीत का आशीर्वाद लिया।

गढ़वा में इस बार त्रिकोणीय मुकाबला होने जा रहा है। बीजेपी की तरफ से सत्येंद्र तिवारी मैदान में होंगे वहीं निर्दलीय से गिरिनाथ सिंह भी चुनावी रण में होंगे। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मिथिलेश ठाकुर के नामांकन में शामिल होने वाले थे। लेकिन रांची में उनकी राजद नेता तेजस्वी यादव और माले के नेताओं के साथ बैठक थी इस वजह से वह नामांकन में नहीं पहुंचे।

उधर, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने नॉमिनेशन किया। वही भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही, निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में देवेंद्र कुमार प्रजापति और राहुल कुमार गुप्ता ने नामांकन दाखिल किया। झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव ने एक सेट में 11.30 बजे, भाजपा प्रत्याशी भानू प्रताप शाही ने दो सेट में 2.50 में , निर्दलीय उम्मीदवार देवेंद्र प्रजापति ने एक सेट में 2.10 में तथा राहुल कुमार गुप्ता ने एक सेट में 2.55 में अपना नामांकन दाखिल किया।

# पांकी विधायक शशिभूषण मेहता सहित तीन ने किया नामांकन



संवाददाता

**पलामू ।** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर पलामू जिले में सोमवार को तीसरे दिन तीन नामांकन दाखिल किए गए। तीनों नामांकन पांकी विधानसभा क्षेत्र के लिए दाखिल हुए। डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर एवं हुसैनाबाद सीट से एक भी नामांकन नहीं हुआ। पांकी के निवर्तमान विधायक डा. शशिभूषण मेहता ने पलामू समाहरणालय में निर्वाची पदाधिकारी सह आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू के समक्ष नामांकन दाखिल किया। उनके अलावा इस सीट से स्वतंत्र अभ्यर्थी वचन सिंह एवं सुमित कुमार ने नामांकन दाखिल किया।

पांकी विधानसभा क्षेत्र के लिए तीसरे दिन पांच नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। नामांकन पत्र खरीदने वालों में कुशवाहा शशिभूषण मेहता, अविनाश रंजन, नितेश कुमार, रितेश कुमार गुप्ता, पंकज कुमार जायसवाल शामिल हैं।

विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 8 लोगों ने नाम निर्देशन पत्र खरीदे, जिनमें मनोज कुमार रवि, चंद्रशेखर उपाध्याय, विनीत कुमार, राजेश मेहता उर्फ राजन मेहता, गीता मेहता, रामचन्द्र चंद्रवंशी (विधायक), सुधीर कुमार, मसरूर अहमद खान शामिल हैं। डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए 11 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदे, जिनमें ललन चौधरी, आलोक कुमार चौरसिया, दिनेश कुमार यादव, जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, रुचिर कुमार तिवारी, मुन्ना कुमार, चन्द्रधन सिंह, अनिकेत, सुनील कुमार पासवान, मुकेश कुमार प्रजापति एवं भूपेंद्र चौधरी शामिल हैं। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 4 नामांकन पत्र खरीदे गए, जिसमें चन्द्रमा कुमारी, कामेश्वर पासवान, विजय कुमार एवं राजू राम शामिल हैं।

## भाजपा से सुरेन्द्र भाई मोदी ने दिया इस्तीफा, बरकट्ठा से निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव



संवाददाता

**कोडरमा ।** जिले के जयनगर प्रखंड के पथिक बसेरा आवास में भाजपा नेता सुरेन्द्र भाई मोदी ने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता बंशीधर बर्णवाल व संचालन संतोष मोदी ने किया।

भाजपा से टिकट कटने पर भावुक होते हुए सुरेन्द्र भाई मोदी ने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि मैं टिकट की प्रबल दावेदार था और मेरे नाम पर सहमति भी जताई गई थी। लेकिन आखिरी समय में मेरा टिकट काटकर और निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव को टिकट दिया गया। टिकट नहीं मिलने से नाराज सुरेन्द्र भाई मोदी ने भाजपा के सभी पदों से इस्तीफा देते हुए निर्दलीय से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने समर्थकों से विचार विमर्श के पश्चात यह कदम उठाया। वहीं उपस्थित समर्थकों ने कहा कि क्षेत्र के मान सम्मान की बात करनेवाली भाजपा ने एक कर्मठ शिक्षाविद को टिकट नहीं देकर क्षेत्र के जनता का अपमान किया है। इस अपमान का बदला हमलोग समाजसेवी सुरेन्द्र भाई मोदी को विधानसभा भेजकर दम लेंगे। वहीं श्री मोदी ने कहा कि जिसे भाजपा का सिद्धांत भी पता नहीं है। वैसे लोगों को टिकट दिया है। कहा कि यदि बरकट्ठा विधानसभा से क्षेत्र की जनता ने चुनाव जीताया तो क्षेत्र की हर समस्या के निदान होने के साथ साथ हर गरीब जनता की सेवा करते रहूंगा।

## भाजपा ने झारखंड बनाया है, वही इसे संवारेगी : विजय शर्मा

**छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन**



संवाददाता

**गिरिडीह ।** भंडारीडीह स्थित स्वर्ण कॉम्प्लेक्स में भाजपा के गिरिडीह विधानसभा का प्रधान चुनावी कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को किया गया। इस चुनाव कार्यालय का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, झारखंड के पूर्व मंत्री चंद्रमोहन प्रसाद एवं गिरिडीह विधानसभा प्रत्याशी निर्भय कुमार शाहाबादी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर पुजा अनुष्ठान एवं दीप प्रज्वलित भी किया गया। इस मौके पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुये छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार शर्मा ने कहा है कि बीजेपी ने झारखंड बनाया है और बीजेपी ही इसे संवारेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में बीजेपी की सरकार बनते ही पार्टी का हर वादा और संकल्प और गारंटी बन जाएगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से बीजेपी के पंच प्रण को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया।

## झामुमो ने स्टार प्रचारकों के लिए निर्वाचन आयोग से मांगी स्वीकृति

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए झामुमो ने अपना स्टार प्रचारक तय कर लिया है। इनमें पार्टी के मुख्य स्टार प्रचारक केंद्रीय अध्यक्ष और सांसद शिबू सोरेन सहित कुल 33 नेता शामिल किये गये हैं।

शिबू सोरेन झारखंड के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार अभियान को नेतृत्व प्रदान करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, स्टीफन मरांडी, मिथिलेश कुमार ठाकुर, बैजनाथ राम, मथुरा प्रसाद महतो, सुदिव्य कुमार सोनू, बेबी महतो, सुखराम उरांव जैसे लीडर्स भी शामिल किए गए हैं। सांसद विजय हांसदा, जोबा मांझी, महुआ माजी के अलावा पार्टी नेता अभिषेक पिंटु, राजू गिरी, सुनील श्रीवास्तव, प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य समेत अन्य का नाम भी सूची में शामिल किया गया है। पार्टी महासचिव विनोद पांडेय ने भारत निर्वाचन आयोग की इसकी सूचना देते स्टार प्रचारक लिस्ट पर स्वीकृति प्रदान करने तथा इनके द्वारा उपयोग में लायी जाने वाली गाड़ियों का झारखंड के अंदर परिचालन की अनुमति के लिए पास निर्गत करने की भी अपील की है।

# पोटका से अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा का नाम घोषित किए जाने के बाद विरोध जारी

संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम ।** भाजपा हाईकमान द्वारा 66 प्रत्याशियों की पहली सूची में पोटका से भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा का नाम घोषित किए जाने के बाद से पोटका में विरोध रुकने का नाम नहीं ले रहा है।क्षेत्र के कार्यकर्ता किसी स्थानीय नेता को टिकट देने की मांग पर अड़े हुए हैं।दूसरे दिन सोमवार को भी भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन जारी रहा।इसे लेकर आदिम भूमिज मुंडा कल्याण समिति भाजपा की बूथ स्तर कमिटी की बैठक हुई।बैठक में 24 घंटे के अंदर पोटका से भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा को बदलने की मांग की गई अन्यथा भाजपा कार्यकर्ता की ओर से किसी भी व्यक्ति को उम्मीदवार बनाकर खड़ा करने का फैसला लिया गया।बैठक में मीरा मुंडा वापस जाओ के नारे लगे। इससे पहला पोटका विधानसभा सीट से पूर्व विधायक और भाजपा की वरिष्ठ नेता मेनका सरदार ने टिकट नहीं मिलने और मीरा मुंडा को टिकट मिलने के विरोध में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा के नाम आने के साथी विधानसभा क्षेत्र में विरोध शुरू हो गया था। हालांकि उनके नाम का विरोध अब खुलकर सामने आ गया है। नौबत ऐसी आ गई है कि स्थानीय कार्यकर्ता लगातार विरोध कर रहे हैं और मीरा मुंडा का बहिष्कार कर रहे हैं।

# मेनका सरदार ने अपना इस्तीफा वापस लिया

संवाददाता



**रांची ।** पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार ने भाजपा पार्टी से अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को मेनका सरदार से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान मेनका सरदार ने पार्टी से दिए अपने इस्तीफे पर पुनर्विचार करते हुए इस्तीफा वापस ले लिया। साथ ही भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा के पक्ष में प्रचार करते हुए जीत सुनिश्चित कराने का निर्णय लिया। आदित्य साहू ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बताया कि आज पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार ने पार्टी से इस्तीफा वापस लेने का निर्णय लिया और भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा की के पक्ष में कार्य करने का निर्णय लेकर पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा का परिचय दिया। इस अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

## राजद से निष्कासित किये गये नेता फिर से पार्टी में वापस

**रांची ।** राजद नेता सह पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव पार्टी से निष्कासित सभी नेताओं को वापस पार्टी में शामिल किया । झारखंड राजद के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने सोमवार रात बताया कि पार्टी से निष्कासित पलामू के पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, युवा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव, प्रदेश के पूर्व महासचिव विनोद यादव को कुछ दिन पूर्व दल से निष्कासित किया गया था ।

# जसीडीह बाईपास के निर्माण के लिए ट्रेन परिचालन सेवाओं में अस्थायी बदलाव

**बाईपास के बनने से जसीडीह में इंजन को उल्टा घूमने की जरूरत नहीं पड़ेगी**

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर/जसीडीह।** पूर्वी रेलवे का आसनसोल मंडल बहुत जल्द एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होने जा रहा है, जो रेल संपर्क को बढ़ाने,यातायात को कम करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का वादा करता है। यह महत्वपूर्ण विकासात्मक बुनियादी ढांचा माल और यात्री दोनों ट्रेनों की सुचारू आवाजाही की अनुमति देता है, जिससे रेल यातायात क्षमता में वृद्धि होगी। जसीडीह बाईपास नॉन-स्टॉप ट्रेनों को जसीडीह स्टेशन से दूर कर देगा, जिससे भीड़भाड़ कम होगी और अन्य सेवाओं के लिए समय पर आगमन और प्रस्थान संभव होगा। लेवल क्रॉसिंग को खत्म करके एक महत्वपूर्ण संरक्षा वृद्धि करना है,जिससे दुर्घटनाओं का जोखिम कम हो जाता है। बाईपास यात्रियों के लिए अधिक कुशल और आरामदायक यात्रा अनुभव भी प्रदान करेगा, जिससे प्रतीक्षा समय कम होगा और क्षेत्र से गुजरने वाली ट्रेनों की आवृत्ति बढ़ेगी। इस बाईपास के बनने से जसीडीह में इंजन को उल्टा घूमने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे लंबी दूरी के यात्रियों का कीमती समय बचेगा। इसके अलावा, इस विकास से ईंधन की खपत कम होने और निष्क्रिय समय में कमी के कारण कार्बन उत्सर्जन में कमी आने से पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नॉन-स्टॉप ट्रेनों को बाईपास से रोजाना डायवर्ट करने से यात्री ट्रेनों के यात्रा समय में कमी आएगी, जो परियोजना के तत्काल लाभों को उजागर करता है। इसके अतिरिक्त, इस मार्ग से माल की तीव्र आवाजाही से औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलने, स्थानीय व्यवसायों को लाभ मिलने और रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। जसीडीह बाईपास के निर्माण के सिलसिले में, रेलवे ने जसीडीह और बैद्यनाथधाम के बीच रेल अंडर रेल (आरयूआर) पुल के निर्माण के लिए मेमू ट्रेन सेवाओं में एक अस्थायी बदलाव की भी घोषणा की है। इस मार्ग पर सभी मेमू सेवाएं 24 अक्टूबर, 2024 से शुरू होकर चार महीने के लिए रद्द रहेंगी।

## आचार चुनाव संहिता में बैसी की बैठक आयोजित करने पर उठे सवाल

संवाददाता

**रामगढ़ ।** दुमका दिसोम मांझी थाना आर जाहेर थान संताल परगना नामक संस्था के आह्वान पर रामगढ़ प्रखंड के पथरिया पंचायत के लावरती गांव में सोमवार को दूसरी बार मांझी परगना बैसी का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि इस संस्था के प्रतिनिधि स्वयं को मांझी परगना सरकार( नॉन ज्यूडिशियल गवर्नमेंट )कहते हैं। पिछले दिनों रामगढ़ प्रखंड के कई स्थानों पर इन्होंने दो पक्षों के बीच में चल रहे भूमि विवाद का हल करने के लिए मांझी परगना बैसी का आयोजन किया था। इन लोगों द्वारा किए जाने वाले बैसी आयोजन में सामान्यतः लोगों को तस्वीर खींचने या वीडियो बनाने की अनुमति नहीं होती है। जानकार लोग बताते हैं कि ये लोग भूमि विवाद के निर्णय के बदले में किसी एक पक्ष पर भारी आर्थिक जुर्माना भी लगाते हैं। जुर्माना न भरने की स्थिति में प्रभावित व्यक्ति के घर में उक्त संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा ताला लगा दिया जाता है। पिछले दिनों इस संस्था से जुड़े लोगों ने रामगढ़ प्रखंड के धोधमा, बाबू पाटोजोरिया तथा लावरती में भी मांझी परगना बैसी की बैठक आयोजित की थी। जिसमें बाबू पाटोजोरिया में बैसी की बैठक लगातार दो दिनों तक चली थी। लावरती में भी गत सोमवार 14 अक्टुबर को इसी मामले में मांझी परगना बैसी की बैठक बुलाई गई थी। किंतु दूसरे पक्ष के बैठक में उपस्थित न होने तथा दूसरे पक्ष की एक वृद्धा महिला की अचानक मृत्यु हो जाने के कारण बैसी की बैठक स्थगित कर दी गई थी।

## पुलिस संस्मरण दिवस पर याद किये गए शहीद



**साहिबगंज।** पुलिस संस्मरण दिवस 2023 पर पुलिस लाइन स्थित नवनिर्मित शहीद स्थल पर सोमवार की सुबह डीएसपी विजय कुशवाहा के नेतृत्व में शहीद पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। परेड में शामिल पुलिसकर्मियों ने अपने शहीद साथियों की याद में दो मिनट के लिये अपना राइफल झुकाया। वहीं डीएसपी सहित पुलिस पदाधिकारियों व पुलिसकर्मियों ने अमर शहीद बेदी पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। सभी शहीद वेदी पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। डीएसपी ने अपने पुलिस पदाधिकारी व जवान को संबोधित करते हुए कहा कि पिछ्ले

1 सितंबर 2023 से 31 अगस्त 2024 के बीच कर्तव्य के दौरान झारखंड सहित पूरे देश में कुल 216 पुलिस एवं अर्ध सैनिक बल के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने अपनी शहादत दी है। इनमें झारखंड पुलिस के 04 जवान हवलदार चौहान हेंब्रम, आरक्षी सिकंदर सिंह, आरक्षी सुकेन राम, आरक्षी रामदेव महतो ने कर्तव्य के दौरान अपनी शहादत दी है। इन सभी वीर शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। शहीदों की कुर्बानी बेकार नहीं जाती। कर्तव्य के लिए उनकी शहादत से हमें सीख लेने की जरूरत है। पुलिस पदाधिकारियों व जवानों को अपने कर्तव्य के दौरान चुस्त- दुरुस्त, सतर्कत व सुरक्षित रहने की जरूरत है। परिस्थितियों के अनुकूल काम करने की जरूरत है। इस दौरान शहीद पुलिसकर्मियों के लिये दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर एसडीपीओ किशोर तिर्की सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

## हार्डवेयर दुकान से 51 बोतल देशी व विदेशी शराब ,एक गिरफ्तार

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** हिरणपुर (पाकुड़ )पाकुड़ एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हिरणपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के डांगापाड़ा स्थित एक हार्डवेयर दूकान में छापेमारी कर 51 बोतल देशी व विदेशी शराब जब्त किया है। वहीं मामले में पुलिस ने व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है। मिली जानकारी के अनुसार पाकुड़ एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि डांगापाड़ा में अवैध रुप से शराब का भंडारण कर बिक्री किया जा रहा है। जिसपर एसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर एसडीपीओ डीएन आजाद के नेतृत्व में थाना प्रभारी नवीन कुमार, एएसआई शुभदीप कुमार आदि ने डांगापाड़ा चौक में स्थित एक हार्डवेयर दुकान में छापेमारी की जहां पुलिस ने अवैध रूप से भंडारण किये हुए 8 किंगफिशर बियर, 6 बेड मंकी कैन बियर, 4 मैजिक मोमेंटस, 3 मैकडोवेल्स व्हिस्की, 4 रॉयल स्टेग व्हिस्की, 5 बी7 व्हिस्की, 2 बकाडी लेमन, 19 शक्तिमान देशी शराब को जब्त किया। इसके साथ ही पुलिस ने शराब विक्रेता अजित साहा को भी मौके से गिरफ्तार किया गया। जिससे पूछताछ करने पर उक्त शराब को कोई भी कागजात उसके द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। इस बाबत थाना कांड संख्या 60/24 में विभिन्न धाराओं में केस करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को सोमवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि अवैध धंधों पर पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## स्वास्थ्य विभाग ने मनाया विश्व दृष्टि दिवस




**साहिबगंज।** स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को सदर अस्पताल स्थित वेयर हाउज़ के डीएस कार्यालय में विश्व दृष्टि दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आंखें प्रकृति का अनमोल उपहार हैं। शरीर के अन्य अंगों की तरह आंखों का ध्यान रखना भी जरूरी है। मोबाइल के इस युग में लोग अपनी आंखें खराब कर रहे हैं। प्रत्येक चार मिनट में एक बच्चा अपनी दृष्टि खो रहा है। लोगों को अपनी आंखों की सेहत का ध्यान रखना जरुरी है। सीएस ने बताया कि सदर अस्पताल में नेत्र जांच व इलाज की सुविधा उपलब्ध है। यहां सोमवार, मंगलवार व बुधवार को नेत्र पदाधिकारी मौजूद रहते हैं। लोग नेत्र विकार से सम्बंधित जांच व इलाज करा सकते हैं। मौके पर प्रशासनिक डीएस डॉ मुकेश कुमार, नेत्र पदाधिकारी राजकुमार साह, नेत्र विशेषज्ञ, क्लर्क मुकेश सिन्हा, जयराम यादव व अन्य मौजूद थे

## ग्राइंडर मशीन से काम करने के दौरान मजदूर हुआ घायल

**साहिबगंज।** शहर के झरना कॉलोनी में सोमवार को काम करने के दौरान एक मजदूर युवक ग्राइंडर मशीन से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक केलाबाड़ी के रहने वाला रामकुमार चौधरी है। जानकारी के अनुसार युवक झरना कॉलोनी में काम कर रहा था. उसी दौरान गैलेंडर मशीन से दीवार काटने के दौरान गैलेंडर मशीन छिटककर उसके हाथ मे लग गया। वही घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## पुलिस अधीक्षक ने जवानों को किया ब्रीफिंग, दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**पाकुड़ ।** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर पुलिस केंद्र पाकुड़ में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने प्री पोल ड्यूटी के लिए तैनात की गई आई टी बी पी की 04 सी ए पी एफ कंपनियों को आवश्यक ब्रीफिंग दी। पुलिस अधीक्षक ने सभी जवानों को उनके कर्तव्यों और पाकुड़ जिले की वस्तु स्थिति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने जवानों को चुनाव ड्यूटी के दौरान संवेदनशीलता और सुरक्षा के प्रति अलर्ट रहने और पूरी तरह से चौकन्ना रहने की सलाह दी। उन्होंने जवानों को चुनाव प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपने सारे आला अफसर का मोबाइल नंबर रखें जब जरूरत हो तुरंत कॉल करें। उन्होंने जवानों से उनकी सुविधा और असुविधा की जानकारी ली । ब्रीफिंग में आई टी बी पी के सभी जवान उपस्थित थे और उन्होंने पुलिस अधीक्षक की बातों को ध्यान से सुना और अपनी ड्यूटी के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल, रेफर

**उधवा।** उधवा - राजमहल एनएच 80 लखीपुर के पास दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार दो लोग गिरकर बूरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के बेगमगंज निवासी सूबोल मंडल (68)उसकी पत्नी शकुंतला देवी (60) अपने पोते के साथ बाइक में राजमहल अस्पताल से इलाज करा कर घर वापस जा रहे थे।इसी क्रम लखीपुर के पास उधवा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बाइक ने धक्का मार दिया। जिससे बेगमगंज निवासी तीनों व्यक्ति सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल में भर्ती कराया गया।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सूबोल मंडल और उसकी पत्नी शकुंतला देवी को बेहतर इलाज हेतु रेफर दिया। पोते को आंशिक रूप से चोट लगी है।घटना की सूचना थाना पुलिस को दे दी गई है।

# झामुमो के कार्यकर्ता सम्मेलन उमड़ी भीड़




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
महेशपुर (पाकुड़ ) प्रखंड के बड़कियारी के मदरसा के पास विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन जिलाध्यक्ष श्याम यादव के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।कार्यकर्ता सम्मेलन में महेशपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर एवं पाकुड़िया प्रखंड के हज़ारो महिला व पुरूष कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन जिलाध्यक्ष श्याम यादव ने किया।कार्यकर्ता सम्मलेन में मुख्य अतिथि के रूप में महेशपुर विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी,राजमहल लोकसभा सांसद विजय हांसदा एवं झामुमो के युवा नेत्री उपासना मरांडी (पिंकी) शामिल हुए। वही राजमहल लोकसभा सांसद श्री हांसदा ने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा चुनाव में जिस तरह आप सभी कार्यकर्ताओं ने मेहनत की थी उसके मुकाबले इस विधानसभा चुनाव में ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। सभी कार्यकर्ता आपस मे समन्वय बनाकर राज्य सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए झामुमो प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने का काम करे। हरेक सीट हमारे लिए महत्वपूर्ण है हमें राज्य की सत्ता में पुनःशहेमंत सोरेन जी वाली सरकार को राज्य में स्थापित करना है और इसमें झामुमों के सभी कर्मठ सिपाहियों का सहयोग जरूरी है।युवा नेत्री उपासना मरांडी ने अपने सम्बोधन मे कहा की हेमंत सरकार ने झारखंडियों का बकाया बिजली बिल माफ किया।200 यूनिट तक बिजली मुफ्त करने का काम किया। राज्य के किसानों का 2 लाख तक का कृषि ऋण माफ किया। राज्य की महिलाओं व बहनों को मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत मिल रही राशि को 1000 से बढ़ाकर 2500 करने का घोषणा किया। इस चुनाव में आप सभी कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूक कर झामुमो के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मत दिलाने का काम करे। जिला संगठन प्रभारी एजाजुल ईस्लाम जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली, जिला सचिव सुलेमान बास्की ने बारी बारी से कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी आज से ही चुनाव की तैयारी में लग जाये। राज्य की हेमंत सरकार ने राज्य के गरीब गुरबों, आदिवासियों व मूलवासियों के उत्थान के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के काम किया है। क्षेत्र के महिलाओं में मइयां योजना को लेकर खासा उत्साह है। साथ ही सभी प्रखंड कमिटी को पंचायत कमिटी व बूथ कमिटी को नये सिरे से बनाने का निर्देश दिया साथ ही महिलाओं की एक अलग बूथ कमिटी बनाने का निर्देश दिया।वही कार्यक्रम में भाजपा सहित अन्य दलों के सैकड़ो कार्यकर्ता ने झामुमो का दामन थामा। राजमहल सांसद विजय हांसदा एवं विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया।मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य पिंकू शेख, हरिवंश चौबे,जीप सदस्य समसून मुर्मू,प्रखंड अध्यक्ष अनारुद्दीन मियां,मोतीलाल हांसदा, प्रखंड सचिव माइकल मुर्मू,मईनुद्दीन अंसारी,सांसद प्रतिनिधि कुणाल अलफ्रेंड हेमब्रम,प्रखंड उपाध्यक्ष रुहुल अमीन,बुदल यादव, जेम्स सुशील हेमब्रम,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जोसीफिना हेमब्रम,सोशल मिडिया सदस्य इकबाल हुसैन,जानिसार अख्तर,युवा मोर्चा अध्यक्ष,योगेंद्र मुर्मू,अनीता मुर्मू, बिनीता मरांडी, निर्मला मुर्मू, सेंटू शेख,सफाजुल अंसारी सहित हज़ारो की संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

## टिकट मिलते ही कहीं खुशी कहीं गम, मिस्त्री सोरेन ने भाजपा से दिया इस्तीफा

**संताल एक्सप्रेस टीम**
पाकुड़। जैसा कि पूर्व अनुमान लगाया गया था की टिकट घोषणा के बाद पार्टी के अंदर और बाहर दोनों और भूचाल होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता । टिकट की घोषणा के बाद भाजपा के अंदर और बाहर ना दिखने वाली भूचाल है। जिन्हें पार्टी की टिकट मिला है वह तो गदगद है, और जिन्हें नहीं मिली है वे गम में हैं । उनके लिए बस इतना ही काफी है कि क्या गम है कि जो आप छुपा रहे है भाजपा ने महेशपुर से 2024 के विधानसभा चुनाव में एक नए चेहरे नवनीतम हेंब्रम महेशपुर से स्थान दिया है। इससे वहां की जनता तो खुश है किंतु संभावित उम्मीदवार में मायूसी है । महेशपुर से मिस्त्री सोरेन तृणमूल पार्टी से लड़ेंगे चुनाव अगर हम बात करें महेशपुर से मिस्त्री सोरेन की तो टिकट की घोषणा होते ही नाराज चल रहे थे अंत में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी से अपना नाता तोड़ते हुए अपना इस्तीफा जारी कर दिया है। मिस्त्री सोरने साफ कहना है कि पार्टी ने हम लोग को लायक नहीं समझा इसलिए जिसको उचित समझा टिकट दिया है। किंतु हम चुनाव लड़ेंगे और हमारा मुद्दा विकास के साथ-साथ राजनीतिक घुसपैठ होगा। यह पूछे जाने पर कि आप निर्दलीय खड़ा होंगे
अथवा किसी पार्टी से इसका खुलासा करते हुए उन्होंने कहा कि मैं तृणमूल कांग्रेस पार्टी के टिकट पर महेशपुर से चुनाव लड़ूंगा । मालूम हो कि मिस्त्री सोरेन पिछ्ले विधानसभा में भाजपा की टिकट पर महेशपुर से चुनाव लड़े थे और अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रोफेसर स्टीफन मरांडी से हार का सामना करना पड़ा था।

**लिट्टीपाड़ा में किसी को नाराजगी नहीं**

पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र भाजपा के लिए बेहतर साबित होने वाला है। यहां से भाजपा ने बाबूधन मुर्मू को टिकट दिया है और सभी संभावित उम्मीदवार ने किसी भी प्रकार से नाराजगी व्यक्त करने से इनकार किया है। हमारे संवाददाता ने सर्वप्रथम बात किया साहेब हसदा से साहेब ने स्पष्ट रूप से कहा की पार्टी ने जो भी कुछ किया है सोच समझ कर किया है । हमें पार्टी के निर्देशों का अक्षरसह पालन करना है और पूरी ईमानदारी से अपने उम्मीदवार को जीतने के लिए पार्टी दिशा निर्देश के अनुसार काम करूंगा।

**भाजपा पूर्व प्रत्याशी**

भाजपा पूर्व प्रत्याशी दानीयल किस्कू ने भी अपनी बात को स्पष्ट रखते हुए कहा की पार्टी सभी कुछ सोचते समझते किसी एक प्रत्याशी को टिकट देती है।भले ही दावेदार कई हो। किंतु इसमें कहीं नाराज होने वाली बात नहीं है। हम सब सामूहिक रूप से लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से बाबूधन जी को भारी मतों से जीतने के लिए समर्पित भाव से काम करेंगे। पार्टी के दिशा निर्देश सराखों पर है। पार्टी का निर्देश सर्वोपरि है। **क्या कहते हैं भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी**

भाजपा के संथाल परगना प्रक्षेत्र के सोशल मीडिया प्रभारी जयंत मंडल बताते हैं कि पार्टी ने बहुत ही सोच समझकर दोनों उम्मीदवार को टिकट दिया है। इससे मैं भी संतुष्ट हूं और पार्टी के सभी लोग संतुष्ट हैं और यदि कोई रुष्ट हैं तो उनकी कोई अपनी वजह रही होगी। क्योंकि पार्टी तो किसी एक व्यक्ति को ही टिकट दे सकती है और इसमें बहुत कुछ आकलन किया जाता है। उन्होंने सभी को तन मन से पार्टी कार्य में जुड़ जाने के लिए अनुरोध किया।

## होमियोपैथी चिकित्सक सूर्यानंद वियतनाम रवाना



साहिबगंज ~ शहर के मशहूर होमियोपैथी चिकित्सक डॉ सूर्यानंद प्रसाद सोमवार को कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस हवाई अड्डे से वियतनाम के लिए रवाना होंगे। डॉ सूर्यानंद जर्मन होमियो केयर फार्मास्यूटिकल्स के तत्वाधान में वियतनाम के राजधानी हनोई में आयोजित 5 दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य विश्व में होमियोपैथी चिकित्सा के चरणबद्ध तरीके से विकास और उसकी चिकित्सा पद्धति में वैज्ञानिक बदलाव लाना है। कहा कि समय के साथ लोगों की जीवन शैली में आ रहे बदलाव से बीमारियों का स्वरूप भी बदल रहा है। यही कारण है कि होमियोपैथी चिकित्सकीय संसार का भी नई शोध व आवश्यकताओं की ओर ध्यान आकर्षित किया है। आने वाले दिनों में चैलेंजे बढ़ते जा रहे हैं। बढ़ती जटिलताओं के बीच होमियोपैथी को जन-जन तक पहुंचाने की कोशिश है। इसी को लेकर कांफ्रेंस में झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के चिकित्सक अपना मंतव्य रखेंगे।

## सांप काटने से महिला मूर्छित,

साहिबगंज। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत चानन गांव में सोमवार को सांप काटने से एक महिला मूर्छित हो गई। परिजनों ने आनन- फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला जोगी मंडल की पत्नी रेखा देवी(50) है। परिजनों के अनुसार के अनुसार खेत मे काम कर रही थी। इसी दौरान सांप उसका पैर में काट लिया। इससे वे मूर्छित हो गई। वही महिला का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## 30 अक्टूबर तक हर हाल में शत- प्रतिशत राशन के वितरण करना सुनिश्चित करें: सीओ



**साहिबगंज/तालझारी** प्रखंड सभागार में सोमवार को सीओ सह एमओ राम सुमन प्रसाद के अध्यक्षता में डीलरों की एक अहम बैठक आयोजित कि गई । उन्होंने बताया आगामी विधानसभा चुनाव के मध्य चर्चा करते हुए की कहा चुनाव में अधिक से अधिक भोटिंग हो इसके लिए सभी डीलर अपने अपने क्षेत्र के लोगों को चुनाव के प्रति जागरूक करने को कहा गया वहीं ग्रीन राशन कार्ड धारियों को अगले आदेश तक महीने में दो बार चावल दिया जायेगा धोती साड़ी व लूंगी का राशि दो दिनों के अंदर जमा करने का निर्देश दिया गया। अक्टूबर माह के राशन 30 अक्टूबर तक हर हाल में शत-प्रतिशत राशनकार्ड धारियों के बीच राशन वितरण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान एजीएम मो अब्दुल सलाम ,मनोज चौरसिया सहित अन्य डीलर मौजूद थे।


## बेटे ने पिता व मां को हंसुआ से वारकर किया घायल

उधवा।राधानगर थाना क्षेत्र के फुदकीपूर (गोहलबाड़ी) गांव में सोमवार को बेटे ने हंसुआ से वारकर अपने पिता व मां को घायल कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गोहालबाडी निवासी तफाजुल शेख (70) वर्ष अपने घर के बाहर बैठा हुआ था, इसी बीच उसके पुत्र हबलू शेख किसी बात को लेकर पिता के साथ कहा सुनी हो गया।उसी दौरान बेटे ने पिता को हंसुआ से वार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर उसकी पत्नी सररुल बीवी (50) बीच बचाव करने आई तो उसे भी हंसुआ से मारकर घायल कर दिया। वहीं परिजनों की मदद से दोनों घायल पिता माता को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों का इलाज किया। इधर घटना की सूचना

## भाजपा प्रत्याशी अनन्त ओझा 24 अक्टूबर को राजमहल में करेंगे नामांकन-

राजमहल विधायक एवं राजमहल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अनन्त कुमार ओझा 24 अक्टूबर गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। राजमहल बालू प्लाट मैदान में नामांकन रैली होगा। जिस में हजारों की संख्या में लोग नामांकन रैली में पहुचेंगे। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गयी। नामांकन रैली को भव्य बनाने के लिए मंडल स्तर और बूथ स्तर तक बैठक होगी।

## कच्ची सड़क में आवागमन पर ग्रामीण व छात्र छात्राओं को हो रही परेशानी



**बोरियो, साहिबगंज।** प्रखंड क्षेत्र के पुआल पंचायत के जाहेर स्थान से प्राथमिक विद्यालय जाने वाला कच्चा रास्ता गड्ढा है जो कि आगे पुल है पीछे सड़क है बारिश के दिनों में दो फिट पानी भर जाता हैं बारिश के दिनों में बच्चे को आने जाने में हो रही है मुश्किलें विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव बूथ नंबर 118 एवं 119 है लेकिन कई पदाधिकारी चुनाव के समय बुथ को निरीक्षण करने आते है और चले जाते है फिर भी स्कूल के रास्ता के बारे ध्यान नही दिया जाता है वहीं छात्र मिलन मुर्मू सोनू मुर्मू ने बताया कि हमलोंगो को बारिश के दिनों में कच्ची सड़क के गड्ढे में पानी भर जाता है अधिक गहरे पानी में पार करके हमलोग जाते है स्कूल आने जाने में हो रहा है दिक्कत ग्रामीणों का कहना है कि लगभग 15, 16 परिवार है जो आने जाने में बहुत तकलीफ होता है उन्होंने बताया कि यहां स्कूल में बूथ संख्या 118,119 हमारे पुआल पंचायत भवन और स्वास्थ्य उपकेंद्र है जो रास्ता है वो भी बारिश के दिनों में चलने लायक नहीं है एक जगह गड्ढा है पंचायत भवन और स्वास्थ्य केंद्र के बगल मे इसपर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**साहिबगंज** /विधानसभा आम चुनाव को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए चुनाव प्रक्रिया के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वहीं स्वीप कोषांग के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं ने मतदाता जागरूकता के प्रति बरहेट प्रखंड अंतर्गत तलबडीया बुथ नं 134 में एवं बोरियों प्रखंड के अंतर्गत बूथ नंबर 105 मे पीबीटीजी मतदाताओं को जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में 80 वर्ष से ऊपर उम्र के अंदर मतदाताओं को स्थानीय पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया एवं अपील किया गया कि वह अपने नजदीकी बूथ में अपना मतदान अवश्य करें एवं कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता व अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया एवं शपथ दिलाई गई कि वह मतदान के प्रति जागरुक रहेंगे एवं जागरूक करेंगे।मौके पर आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं स्थानीय लोक उपस्थित थें।

## अतुल्य गंगा की टीम ने साहिबगंज से लिया गंगा जल का सैम्पल



**साहिबगंज।** ऋषिकेश से चल कर 2600 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए रविवार की देर शाम को साहिबगंज पहुंची अतुल्य गंगा की टीम ने सोमवार की सुबह 6ः30 बजे शहर के ओझा टोली घाट व राजमहल छठ घाट से गंगा जल का सैम्पल कलेक्ट किया। टीम में सेवानिवृत सैन्य अधिकारी जनरल विनोद कुमार भट, कर्नल रतन वीर सिंह, कमांडर प्रतीक डबराल, शोधकर्ता अविनाश कुमार, आनंद सेबेस्टियन, सूरज निषाद, सुमित कुमार, वैभव सिंह, रत्नेश निषाद, राम निषाद, अमित निषाद व अन्य शामिल हैं। टीम ने यहां गंगा में डीओबी मीटर के 16 पैरामीटर पर गंगा जल में ऑक्सीजन की जांच की। भू-वैज्ञानिक डॉ रणजीत सिंह ने अतुल्य गंगा टीम को साहिबगंज में गंगा की स्थित, लोगों में जागरूकता व इसके लिए किए जा रहे प्रशासनिक व संस्थागत प्रयास से अवगत कराया। सेवानिवृत मेजर जनरल विनोद भट्ट ने बताया कि यहां का डीओबी 7.5 है। अन्य जगहों की बनिस्बत यहां गंगा काफी स्वच्छ है। कहा कि गंगा स्वच्छ ही है लेकिन हमलोगों ने उसे गंदा कर दिया है। अगर हम जागरूक हो जाएं तो गंगा की गंदगी खुद खत्म हो जाएगी।बताया कि देश में 10 जगह गंगा बहुत अधिक प्रदूषित है। व 30 जगह की स्थिति खराब है। बाकी 184 जगह बेहतर स्थिति है। ज़्यादा प्रदूषण यूपी व बंगाल में है। उन्होंने साहिबगंज वासियों को संदेश देते हुए कहा कि दुनिया की कई नदियां जन आंदोलन से साफ हुई हैं। अब समय आ गया है हम गंगा को साफ कर दुनिया को नदियों की सफाई के लिये प्रेरित करें। कहा कि गंगा स्वच्छ है, बस इसे गंदा मत कीजिये।

## शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

उधवा। राधानगर थाना में सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। थाना में पदास्थापित पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों ने दो मिनट मौन धारण कर देश में हुए पुलिस की शहादत को स्मरण कर श्रद्धांजलि दी गई।इस दौरान राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडे ने बताया कि पुलिस स्मृति दिवस हर साल 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिन उन बहादुर पुलिसकर्मियों की याद में मनाया जाता है जिन्होंने अपनी जान गंवाकर देश की सेवा की है। यह दिन 1959 में लद्दाख में हुए एक घटना की याद में मनाया जाता है, जब 21 पुलिसकर्मियों ने चीनी सेना के हमले का सामना करते हुए अपनी जान गंवा दी थी। इस दिन को मनाने का मकसद पुलिसकर्मियों की बहादुरी और बलिदान को याद करना और उनकी सेवा को सम्मानित करना है। इस दिन परेड और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाता है और उनकी सेवा को याद किया जाता है। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक हसनैन अंसारी,फुलेश्वर अकेला, कार्तिक उरांव,शिवानंद प्रसाद, कन्हाई टुडू, एएसआई मनोज पासवान, अर्जुन प्रसाद सिंह,सहायक अवर निरीक्षक सुनील कुमार मेहता,विनय सिंह, स0अ0नि0 मनोज कुमार पासवान, हवलदार सोनाराम सोरेन,आरक्षी सर्वेशर सोरेन राम विलास पासवान समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## सीएस ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण दिया कई दिशा निर्देश





**साहिबगंज।** जिले के सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा को लेकर सीएस डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया ने सोमवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। सीएस ने अस्पताल के स्वास्थ सेवाओ को लेकर मरीजो से जानकारी ली है। साथ ही सीएस ने कहा कि मरीजो को मिलने वाली तमाम सुविधाओ के बारे में स्वास्थ्य कर्मियों से जानकरी ली। इस दौरान उन्होंने दवा से संबंधित जानकारी भी ली है। साथ ही विलंब से पहुचने वाले डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों को कड़ी हिदायत देते हुए समय का पालन करने का निर्देश दिए है। उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही है। इसके अलावा आयुष कियोस्क सेंटर, इमरजेंसी, ओपीडी आदि का जायजा लिया गया है। इधर सीएस ने प्रभारी डीएस डॉ. मुकेश कुमार के साथ बैठक कर अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा में सुधार को लेकर जानकारी लेते हुए कई दिशानिर्देश दिए है। मौके पर अस्पताल मैनेजर यशवंत राव, जयराम यादव आदि थे।

## वारंटी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

बोरियो, साहिबगंज।थाना क्षेत्र के चासगामा रक्सी टोला निवासी वारंटी चंपान हेंब्रम पिता ठाकुर हेंब्रम के आवास पर न्यायालय के आदेश पर बोरियों थाना पुलिस ने इस्तेहार चिपकाया।मौके पर एएसआई उमेश उपाध्याय सहित पुलिस बल मौजूद थे।

## बीडीओ ने सभी बुथों का निरीक्षण कर सुविधाओं को दुरुस्त करने का दिया निर्देश



**बोरियो, साहिबगंज।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को बीडीओ नागेश्वर साव की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत सचिव,सुपरवाइजर, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बीडीओ ने बैठक करते हुए सभी बूथों का निरीक्षण करने बिजली,पानी,सहित जरूरी सुविधाओं का दुरुस्त करने के लिए कहा गया।मौके पर पंचायत सचिव परमानंद मंडल,जेई पवन दास, सुपरवाइजर सहित अन्य जेई मौजूद थे।

## संविधान प्रदत्त नागरिकों के मौलिक अधिकारों को सीमित कर सकती है न्यायपालिका या सरकार?

संविधान ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों को संरक्षित करते हुए इसकी जिम्मेदारी न्यायपालिका के ऊपर डाली है। इसके तहत विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के मौलिक अधिकारों से यदि किसी किस्म की कोई छेड़छाड़ करती हैं तो उसकी समीक्षा करने और मौलिक अधिकारों को संरक्षित करने की जिम्मेदारी न्यायपालिका की होगी। संविधान ने न्यायपालिका को विशेष अधिकार भी दिए हैं। संविधान में अनुच्छेद 14 से 18 में समता का अधिकार अनुच्छेद 19 और 20 में स्वतंत्रता का अधिकार, अनुच्छेद 23 एवं 24 में शोषण के विरुद्ध अधिकार, अनुच्छेद 25 से 28 में धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार एवं अनुच्छेद 29 एवं 30 में प्रत्येक नागरिक की संस्कृति और शिक्षा के संबंध में नागरिकों को समान अधिकार दिए गए थे। संविधान ने अनुच्छेद 32 के तहत न्यायपालिका को भी सर्वोच्चता का अधिकार दिया। संविधान के द्वारा प्रदत्त इन मौलिक अधिकारों को बदलने का अधिकार ना तो न्यायपालिका के पास है नाही विधायिका कानून बनाकर बदल सकती है और नाही कार्यपालिका मौलिक अधिकारों के हनन करने के लिए कोई नियम बना सकती है। लगभग 65 वर्षों तक न्यायपालिका ने इस पर विशेष ध्यान दिया। इस दौरान सरकार द्वारा समय-समय पर जो भी निर्णय लिए गए न्यायपालिका ने स्वयं संज्ञान लेकर यदि नागरिकों के मौलिक अधिकारों का कहीं हनन होते हुए दिखा तो न्यायपालिका ने तुरंत सुनवाई करते हुए कार्यवाही भी की है। न्यायपालिका कभी भी सरकार (विधायिका) अथवा कार्यपालिका के पक्ष में खड़ी हुई नहीं दिखी। न्यायपालिका ने हमेशा संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप मामलों की सुनवाई की। दोनों पक्षों को समानता के साथ सुनकर निष्पक्षता के साथ निर्णय दिए। यहां पिछले 10 वर्षों में न्यायपालिका का स्वरूप धीरे-धीरे बदलना शुरू हुआ। विशेष रूप से राम मंदिर विवाद पर जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट ने विशेष अधिकार का उपयोग करते हुए आस्था के आधार पर राम मंदिर विवाद पर आदेश दिया, लगभग 30 वर्षों से राम मंदिर विवाद के कारण कानून व्यवस्था और राजनीतिक विवाद की स्थिति को देखते हुए सभी पक्षों ने सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को स्वीकार किया। 2019 के बाद से लगातार न्यायपालिका ने जिस तरह सरकार के पक्ष में कार्य करना शुरू किया उसके कारण नागरिकों के संवैधानिक मौलिक अधिकार और न्याय व्यवस्था को लेकर लगातार विसंगतियां सामने आने लगीं। हाल ही में गोवा में एक किताब के विमोचन के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने न्यायपालिका की भूमिका को लेकर जिस तरह से अपनी बात कही, उससे ऐसा लगता है कि न्यायपालिका ने अपने आप को सरकार का संरक्षक मान लिया है। विधायिका बहुमत के आधार पर जो भी कानून बनाती है न्यायपालिका आंख मूंदकर यह मानकर चलती है कि सरकार ने जो भी काम किया है लोकतांत्रिक सरकार होने के कारण उसे इसका अधिकार है। उन्होंने यह भी कह दिया कि न्यायपालिका संसद में विपक्ष की भूमिका नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि समाज समृद्ध और संपन्न होता है तो अदालत की सोच और भूमिका भी बदल जाती है। शीर्ष न्यायपालिका भविष्य को देखते हुए निर्णय करती है। पिछले वर्षों में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में एक ही विचारधारा के न्यायाधीशों की नियुक्ति हुई। सरकार के पक्ष में अधिकांश फैसले आए। सुनवाई के दौरान सरकारी पक्ष को न्यायपालिका से विशेष संरक्षण मिलना शुरू हुआ इससे नागरिकों के मौलिक अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है। न्यायालय में लिफाफा बंद जानकारी सरकार द्वारा देने पर राफेल जैसे मामले में और कई ऐसे अन्य मामले हैं जो नागरिकों की स्वतंत्रता उनके मौलिक अधिकार और सरकार के भ्रष्टाचार से जुड़े होने के बाद भी न्यायपालिका ने एक तरह से सरकार की खुलेआम मदद की है।

# हिन्दू महिलाएं की कृपा से चलती हैं मुस्लिमों की रोजी-रोटी

**आचार्य विष्णु श्रीहरि**

यह सच्चाई सिर्फ दिल्ली की नहीं है, यह सच्चाई बडे-बडे सभी जगहों की है। छोटे-छोटे कस्बों की है। करवा चौथ पर मैं दिल्ली घूमा और बाजार का आकलन किया। हर जगह करवा चौथ करने वाली महिलाएं और लड़कियों की भीड लगी हुई थी। मेंहदी लगाने की होड लगी हुई थी। पहले महिलाएं और लडकिया सिर्फ हाथों पर ही मेंहदी लगवाते थी, पर अब शरीर कोने-कोने में मेंहदी लगवाती हैं। हाथ के अलावा, पैर, गले के साथ ही साथ चेहरे पर भी मेंहदी लगवाती है। करवा चौथ ही नहीं बल्कि हिन्दुओं के हर पर्व-त्यौहार पर महिलाएं और लड़कियां मेंहदी जरूर लगवाती हैं। गरीब से लेकर मध्यम वर्ग की महिलाएं मेंहदी पर नहीं बल्कि अन्य श्रृंगार पर एक मोटी रकम खर्च करती हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि पर्व-त्यौहार हिन्दुओं का और रोजीरोटी चलती है, थैली भरती है, बैरोजगारी दूर होती है, साजिशें कामयाब होती हैं, मजहबी जिहाद और काफिर मानसिकताएं मुसलमानों की पूरी होती हैं। यह कहना सही होगा कि मुस्लिमों के घरों में समृद्धि की जो रोशनी जलती हैं उसकी कृपा के पीछे हिन्दू महिलाओं का ही योगदान होता है। हिन्दू महिलाएं बिना भेदभाव के मुस्लिमों को रोजगार देती हैं।

हिन्दू लडकियों और महिलाओं को मेंहदी कौन लगाता है? किससे चूड़ी पहनती हैं हिन्दू महिलाएं? अन्य श्रृंगार की वस्तुएं किससे खरीदती हैं हिन्दू महिलाएं? हिन्दू लडकियां और महिलाएं किसकी जेब गर्म करती हैं, किसकी वहशी इच्छाएं पूरी करती हैं? इस पर कभी विचार किया है आपने। कोई भी शोध कर देख ले। शोध का परिणाम सिर्फ और सिर्फ मेरे कथन के रूप में ही बाहर आयेंगे। मेंहदी लगाने वाले मुसलमान होते हैं। सिर्फ मुस्लिम लडकियां ही नहीं बल्कि मुस्लिम मर्द और मुस्लिम युवक भी होते हैं। खासकर बीस साल से लेकर 30 साल के उम्र समूह के मुस्लिम युवक होते हैं। इस उम्र वर्ग के मुस्लिम युवकों को इसके लिए खास तौर पर तैयार किया जाता है, उन्हें पैसे देकर प्रशिक्षित किया जाता है और गिरोहबंदी कर मेंहदी लगाने के लिए साजिश की जाती है, तैयार किया जाता है। आखिर क्यों? इसके पीछे बहुत बडी साजिश है, जिसे अधिकतर मूर्ख हिन्दू समझते नहीं है। इस साजिश के पीछे इस्लामिक जिहाद है, मुस्लिम आतंकवादी संगठनों की करतूतें हैं और भारत को एक इस्लामिक देश के रूप में तब्दील करने की नीति है। इससे मुस्लिम जिहादियों की दो इच्छाएं पूरी होती हैं और उनकी दो साजिशें भी कामयाब होती हैं। एक तो मुस्लिमों की झोली भरती हैं, उन्हें इतना पैसा मिल जाता है, जितना पैसा वे महीनों परिश्रम कर कमाई नहीं कर सकते हैं। आप इनकी कमाई का अंदाजा नहीं लगा सकते हैं। सिर्फ दिल्ली मे ही करवा चौथ के दिन दो हजार करोड़ की कमाई होती है। करवा चौथ के दिन मेंहदी लगवाने की सबसे कम रेट पांच सौ रूपये होता है, जो गरीबों का रेट है, थोडी धनी महिलाएं तो मेंहदी लगवाने पर पांच-पांच हजार रूपये तक खर्च करती हैं। सबसे धनी हिन्दू महिलाएं तो दस से पचास हजार रूपये तक खर्च करती हैं। करवा चौथ पर इस प्रकार से मुसलमान हजारों करोड़ रूपये प्रति साल कमाते हैं।

आपको यह जानकार आश्चर्य होगा कि करवा चौथ और अन्य हिन्दू पर्व त्यौहार भी लव जिहाद का आधार है। करवा चौथ और अन्य पर्व त्यौहारों पर मेंहदी लगवाने के लिए मुसलमानो के पास जाने वाले अधिकतर कम उम्र की महिलाएं और लडकिया होती हैं। चूंकि मुस्लिम लडके कम उम्र के होते हैं और स्टाइलिस भी होते हैं। मुस्लिम युवक उल्टे-सीधे कपडे पहनेंगे, बाल का स्टाइल अजीब रखेंगे, चेहरे पर चमकीलें पदार्थो का रंगरोगन कर रखेंगे। मुस्लिम युवक अपनी ऐसी उल्टे-सीधे कपडे क्यों पहनते हैं, बाल का स्टाइल अजीब क्यों रखते हैं, अपने चेहरे पर चमकीले पदार्थों का रंगरोबन क्यों करते हैं? इसके पीछे भी उनका एक मकसद और एक लक्ष्य होता है, वह मकसद और लक्ष्य हिन्दू महिलाओं और हिन्दू लडकियो को अपनी ओर आकर्षित करना और उन्हें अपनी ओर खींचना। मुस्लिम युवकों की आपराधिक करतूतें भी स्पष्ट है। मुस्लिम युवक मेहदी लगाने के दौरान महिलाओं और लडकियों की शरीर को भी उतेजित करते हैं, उनकी कई क्रियाए ऐसी होती हैं जो लडकियो की प्राकृतिक सहजता को प्रभावित करती हैं और सेक्स उतेजना को भी जगा देती हैं। इस दौरान और इस परिस्थिति में मुस्लिम युवक हिन्दू लडकियों से संपर्क नंबर ले लेते हैं और अपने जाल में फंसा भी देते हैं। इस प्रकार बहुत सारी लडकियां ही नहीं बल्कि कम उम्र की महिलाएं भी मुस्लिम युवकों के जाल में फंस जाती हैं। इसके बाद का खेल तो आप जानते ही हैं। निश्चित तौर पर करवा चौथ सहित सभी पर्व त्यौहार मुस्लिमों के लिए लव जिहाद का आधार बन गये हैं। दशहरा पर्व का भी हाल जान लीजिये। दशहरा पर्व पर गरबा खेल का परिचलन बढा है। गरबा खेल लड़के-लडकियां मिलकर खेलते हैं। इस खेल में मुस्लिम युवक नाम बदल कर प्रवेश कर जाते हैं। जिन मुस्लिमों को जयश्रीराम के नारे से आक्रोश आता है, उनका जिहाद जाग उठता है, उनकी हिंसक मानसिकाएं उग्र और आक्रामक हो जाती है, वे मुस्लिम दशहरा के अवसर पर गरबा खेलने क्यों पहुंच जाते हैं? इसके पीछे उनका लव जिहाद ही लक्ष्य होता है। इस हरकत पर मुस्लिम युवकों को जगह-जगह पर सबक भी मिला है फिर भी उनकी ऐसी हरकतें बाज नहीं आती हैं। हेंयर किंग जावेद हबीब ने एक हिन्दू महिला के बालों पर बार-बार थूका था, उसका वीडीओ जब सामने आया तब स्पष्ट हुआ कि जावेद हबीब का गिरोह भी लवजिहाद का बदबूदार उदाहरण है। जब जावेद हबीब जैसा विख्यात मुस्लिम लव जिहाद के मामले में कुख्यात है तो फिर मेंहदी लगाने वाले, और चूडी पहनाने वाले मुस्लिम युवकों की बात ही अलग है। इसके लिए दोषी कौन है? क्या सिर्फ मुस्लिम जिहादी ही दोषी हैं? मुस्लिम जिहादी तो अपनी काफिर मानसिकताओं का पोषण करते हैं, अपनी काफिर मानसिकताओं के कर्तव्य का निर्वाह्न करते हैं। कुरान में काफिर महिलाओ को अपनी दूसरी, तीसरी, चौथी बीबी बनाने, रखैल बनाने का आदेश है, ऐसा प्रयोग आईएस नामक मुस्लिम आतंकवादी संगठन ने इराक और सीरिया जैसे मुस्लिम देशों में कर चुके हैं। लेकिन सर्वाधिक दोषी हिन्दू पति और हिन्दू बाप ही हैं जो अपने पत्नियों और बेटियों को ऐसे मुस्लिम जिहादियों से मेंहदी लगवाने, हेयर कटवाने या फिर चेहरे के रंगरोबन कराने से रोकते नहीं हैं, उन्हें दुष्परिणामो से अवगत नहीं कराते हैं। हिन्दू इस प्रकार का आत्मघाती उदासीनता जान बुझ कर ढोता है। किस महिला के पति और किस लडकी के बाप को यह ज्ञान नहीं है कि मेरी पत्नी और मेरी बेटी अगर मुसलमान से महेंदी लगाने जायेगी तो क्या होगा, वह कैसे नहीं मुसलमान के दूसरी, तीसरी और चौथी बीबी बनेगी, कैसे नहीं लव जिहाद की शिकार बनेगी, आधार बनेगी। सभी जानकारी होने के होने के बाद भी हिन्दू अपने पत्नियों और बेटियों को मुसलमानों से मेंहदी लगवाने भेजते हैं, उन्हें इसका दुष्परिणाम तो तब सामने नजर आता है जब पत्नियां और बेटिया किसी मेहदी वाले या फिर किसी कबाडी वाले, किसी हेयर कटिंग वाले, किसी चूडी वाले के साथ भाग जाती हैं और लव जिहाद की शिकार बन जाती हैं।

हिन्दू महिलाओं और हिन्दू लडकियों ने सनातन को कितना शर्मसार किया है इसका अंदाजा शायद आप लोगों को नहीं होगा। हिन्दू लडकियों को मुसलमानों की दूसरी, तीसरी और चौथी बीबी बनने में शर्म नहीं आती हैं, उन्हें टुकडे टुकडे होकर बोरा में डलने का डर भी नहीं होता है। मां-बाप के साथ ही साथ सनातन को भी शर्मसार करती हैं। हजारों ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं जिसमें पढी-लिखी हिन्दू लडकियां मेंहदी वाले, चूडी वाले, हेंयर कटिंग वाले और दरगाह वाले मुसलमानों के चक्कर में फंस कर अपना जीवन बर्बाद कर देती हैं और एक दिन ऐसा भी आता है जब वैसी लडकियों के टुकडे-टुकडे शरीर बोरे में मिलती हैं।

मुसलमानों को भी रोजीरोटी कमाने का अधिकार है, इस अधिकार से उन्हें वंचित नहीं किया जा सकता है। लेकिन रोजीरोटी के आड में मुसलमानों को लव जिहाद करने, उन्हें काफिर मानसिकता को पुष्ट करने आदि की छूट क्यों मिलनी चाहिए? जिससे आपकी रोजी रोटी चलती है उसके प्रति सत्यनिष्ठा तो दिखानी ही चाहिए। पर मुस्लिम जिहादी इस अवधारणा को आत्मसात करने से तो रहें। मुस्लिम जिहादियों के ऐसे सिद्धांत बेअर्थ ही होंगे।

अपने पर्व त्यौहारों को मुस्लिमों की तिजोरी भरने के लिए लडकियों और महिलाओं को प्रेरित मत कीजये, लव जिहाद का आधार बनने के लिए छूट मत दीजिये। हिन्दू धर्म से जुडे लोगों का चुनाव कीजिये।

इस संबंध में हिन्दू संगठनो के भी हाथ बंधे हुए हैं। क्योंकि सेक्युलर सिद्धांत से ग्रसित हिन्दू ही हिन्दू एक्टिविस्टों के खिलाफ खडे हो जाते हैं। जिस प्रकार से खानपान को लेकर मालिक का नाम लिखने का कानून बन रहा है उसी प्रकार से मेंहदी लगाने वाले, चूंडी पहनाने वाले और अन्य श्रृंगार बेचने वाले का नाम भी लिखा होना आवश्यक किया जाना चाहिए। फिर हम ऐसी स्थिति में करवा चौथ और अन्य हिन्दू त्यौहारो को मुस्लिमो की तिजोरी भरने और उनके लव जिहाद को कैसे रोक पायेंगे?

## पाकुड़ की खबरें

### पत्थर चिप्स लोड हाइवा जब्त

हिरणपुर (पाकुड़ )पत्थर चिप्स की अवैध परिवहन को लेकर बीते रविवार रात को स्थानीय प्रशासन ने औचक छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान एक पत्थर चिप्स लोड हाइवा को जब्त कर थाना में सुरक्षित रखा गया है। मिली जानकारी के अनुसार छापेमारी टीम में शामिल अंचलाधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में बीडीओ टुडू दिलीप, थाना प्रभारी नवीन कुमार सहित पुलिसबल शामिल थे। छापेमारी क्रम में पत्थर चिप्स लोड हाइवा संख्या जेएच16जी/3529 को हिरणपुर बाजार में रविवार रात करीब साढ़े 9 बजे रोककर जांच की गई।इसमें चालक द्वारा माइनिंग चालान गोपालगंज उत्तर प्रदेश के नाम पर बीते 18 अक्टूबर 2024 समय सुबह 5.44 समय निर्गत का दिखाया गया। इस बावत सीओ ने बताया कि संभवत एक माइनिंग चालान पर आसपास में कई ट्रिप पत्थर चिप्स की परिवहन की जा रही होगी, चालक द्वारा पिछले तारीख की चालान प्रस्तुत किया गया।हाइवा को जब्त कर इसकी लिखित शिकायत जिला खनन पदाधिकारी को कर दी गई है।

### शहीद हवलदार बापी घोष का अंतिम संस्कार, परिवार,विधायक और समाज ने दी श्रद्धांजलि

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



पाकुड़िया( पाकुड़ )थाना क्षेत्र के बन्नोग्राम निवासी असम प्रदेश के तेजपुर कैम्प में तैनात भारतीय वायु सेना के हवलदार बापी घोष का पार्थिव शरीर तिरंगे से लपेटे एम्बुलेंस के माध्यम से उनके पैतृक गांव बन्नोग्राम लाया गया। उनका शव पहुंचते ही बन्नोग्राम सहित प्रखंड क्षेत्र के हजारों लोगों की भीड़ एक झलक पाने के लिए उमड़ पड़ी। आर्मी सेना के जवानों ने राष्ट्रीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देकर श्रद्धांजलि दी। सेना के पदाधिकारी ने उनकी पत्नी संपा घोष को तिरंगा देकर सम्मानित किया। क्षेत्रीय विधायक प्रो स्टीफन मरांडी, पाकुड़िया थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह सहित प्रखंड भर के गणमान्य बुद्धिजीवियों एवं परिजनों ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बापी घोष की मृत्यु असम प्रदेश में कमेंग नदी में डूबने से हुई थी, जहां वे अपने बेटे को बचाने की कोशिश में अपनी जान गंवा बैठे। उनका 14 वर्षीय बेटा ऋतिक घोष भी इस हादसे में शहीद हो गया। एनडीआरफ की टीम ने तीन दिन बाद हवलदार के शव को बरामद किया और बाद में उनके बेटे का शव भी बरामद कर लिया गया। बापी घोष लगभग 2008 में वायु सेना में योगदान किया था और अपने पीछे डेढ़ वर्ष का एक बेटा, पत्नी, मां और चाचा को छोड़ गए हैं।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** पाकुड़।विधानसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार को पाकुड़ पॉलीटेक्निक कॉलेज में नैतिक मतदान सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मनीष कुमार ने छात्र-छात्राओं से नैतिक मतदान सह मतदाता जागरूकता विषय पर विशेष रूप से सक्रिय संवाद कर मतदान क्यों जरूरी है, इस विषय पर परिचर्चा भी किया। उसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने-अपने विचार रखे। उपायुक्त ने बताया कि मतदान से ही मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी जा सकती है। मतदान से ही तय होता है कि हमारे क्षेत्र के नागरिक देश के प्रति कितने जिम्मेवार एवं जागरूक हैं। यदि हम खुद मतदान नहीं करते हैं, तो हमारा कोई अधिकार नहीं बनता है कि हम किसी के कार्यकलाप पर उंगली उठाएं। कार्यक्रम में वोटर हेल्पलाइन ऐप, सी-विजिल ऐप, केवाईसी ऐप, सक्षम ऐप एवं ईवीएम और वीवीपीएटी के बारे में मुख्य रूप से बताया गया कि कैसे ईवीएम द्वारा मतदान करने, वीवीपैट के आ जाने से हमारी मतदान प्रक्रिया पूर्णतः सहज, पारदर्शी एवं विश्वसनीय हो गई है। इस अवसर पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य, स्वीप कोषांग के सहयोगी पदाधिकारी सह एसएमपीओ पवन कुमार, स्वीप कोषांग के सहयोगी पदाधिकारी सह डीपीएम ई-पंचायत आनंद प्रकाश सहित समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहें।

# 30 बोतल अबैध विदेशी शराब जब्त



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

लिट्टीपाड़ा( पाकुड़)लिट्टीपाड़ा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पतरापाड़ा गांव में रविवार देर रात छापामारी कर 30 बोतल विदेशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिला था कि पतरापाड़ा गांव निवासी मैनेजर साहा शराब का अवैध धंधा करता है। पुलिस ने छापेमारी टीम गठित कर एसआई गौतम कुमार दास के नेतृत्व में रविवार देर रात्रि मैनेजर का घर घेराबंदी किया गया। घेराबंदी करने दरम्यान घर के सभी सदस्य अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।पर घर के अंदर एएसआई खुदिराम हेम्ब्रम, हरेराम यादव, धनेश्वर यादव, सिपाही प्रदुम्न पाठक, भगीरथ पण्डित व कैलाश रावत के द्वारा तलासी लेने पर विभिन्न ब्रांड के 30 बोतल विदेशी अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह बताया कि अवैध अंग्रेजी शराब की 30 बोतल विभिन्न ब्रांड का जब्त किया गया है। अनुमानित मूल्य लगभग 10 हजार रुपए होगा।अवैध तरीके से बिना अनुज्ञप्ति बेचने के आरोप में एएसआई अरुण ठाकुर के लिखित शिकायत पर मैनेजर साहा के खिलाप कांड संख्या 43/24दर्ज किया गया है। साथ ही कहा चुनाव को देखते हुए लगातार क्षेत्र में छापेमारी की जा रही है।शराब की बिक्री क्षेत्र में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कोर कमेटी अपनी भूमिका निभाएंः डीसी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को स्वीप कोर कमेटी की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को सफल बनाने के लिए जिला स्वीप कोषांग से अबतक किये कार्य की जानकारी ली गई तथा मतदान को लेकर वृहत प्रचार-प्रसार करने पर चर्चा हुई।



बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि जिला स्तर पर स्वीप कोर कमेटी के सभी पदाधिकारीगण अपने-अपने कार्यों का निर्वहन बेहतर तरीके से करना सुनिश्चित करेंगे। स्वीप कोर कमेटी का मुख्य उद्देश्य शत प्रतिशत मतदाताओं का मतदान प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चित करना है जिसमें दिव्यांग, बुजुर्ग एवं प्रवासी मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि जिला स्वीप प्लान का कार्य मतदान प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाना, नैतिक एवं गुणवत्तापूर्ण मतदाता सहभागिता सुनिश्चित करना, दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं का शत प्रतिशत मतदान प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करना आदि शामिल है। उन्होंने मतदाता जागरूकता हेतु शिक्षा विभाग के एडीपीओ को निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाता को मतदान के प्रति जागरूक करें। जैसे नुक्कड़ नाटक, साइकिल रैली, डांस प्रतियोगिता, क्रिकेट मैच, पेंटिंग, रंगोली, दौड़ 100 मी0, मेंहदी प्रतियोगिता, रस्सा कस्सी, वोटर कार्ड मेकिंग सभी कार्यक्रम 29 अक्टूबर तक करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि 14 वर्ष से 17 वर्ष के बच्चों वालिंटियर के रूप में वोटिंग करवाने में मतदाताओं को सहयोग करेंगे। स्वीप कोर के सदस्यों को रंगोली, पेंटिंग, विद्यालय में नुक्कड़ नाटक, दीप महोत्सव, सीटी बजाओ अभियान, हस्ताक्षर अभियान, शपथ कार्यक्रम, क्विज प्रतियोगिता आदि करने का निर्देश दिया गया। साथ ही परियोजना निदेशक आईटीडीए के द्वारा स्वीप कोर कमिटी के सदस्यों को मतदाता शपथ ग्रहण कराया गया।मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडियस बाड़ा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी

राहुल कुमार समेत स्वीप कोर के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## चेकपोस्ट पर चेकिंग में ढाई लाख राशि जब्त

**पाकुड़।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उपायुक्त पाकुड़ के निर्देश पर एफ एस एफ टी की टीम द्वारा गहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में बीती रात्रि को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चाँदपुर स्थित अन्तर्राज्यीय चेकपोस्ट पर एफ0एस0एफटी0 टीम व थाना प्रभारी संजीव कुमार झा के द्वारा संयुक्त रूप से पश्चिम बंगाल से पाकुड़ आ रही स्कॉर्पियो वाहन की चेकिंग के दौरान वाहन से 2,50,600 रुपया विधिवत जब्त किया गया है। वही सोमवार को पुनः एफ एस टी टीम व ओपी प्रभारी अंशु उपाध्यक्ष के द्वारा माल पहाड़ी ओपी क्षेत्र स्थित पाथरघट्टा खनन चेक पोस्ट पर 172900 रू एक गाड़ी से बरामद किया गया। टीम ने बताया की सघन जांच जारी रहेगा। उधर जब्त रुपयों की पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है।

## मां दुर्गा एवं लक्खी की प्रतिमा विसर्जित

अमड़ापाड़ा( पाकुड़ )शारदीय नवरात्र के बाद सार्वजनिक दुर्गापूजा सह लक्खी पूजा मेला समापन होने के बाद सोमवार को वैष्णवी दुर्गामंदिर मंदिर में स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमा एवं लक्खी मंदिर में स्थापित मां लक्खी की प्रतिमा का विसर्जन नगर भ्रमण के साथ बांसलोई नदी में किया गया। विसर्जन से पूर्व महिलाओं ने मंदिर पहुँचकर माँ की पूजा-अर्चना की एवं सिंदूर खेला की रस्मों को पूरा किया। वहीं महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर एवं सिंदूर उड़ा कर मां को विदाई दी। बारी-बारी से भक्तो ने माँ को प्रणाम किया। इस दौरान भक्तो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया एवं दोनों प्रतिमाओं का नगर भ्रमण रामगढ़( रांची ) से आए लवली बैंड पार्टी की धुन में नाचते और थिरकते भक्तों के साथ हुआ।मौके पर दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार उर्फ बबलू भगत, दशरथ भगत, संजय भगत, सरोज मंडल, सुनील मंडल, राज आनंद, नीतीश कुमार, कन्हाई भगत, शंकर भगत, शंभूनाथ झा, संदीप ओझा, उत्तम भगत, रिंकू भगत के अलावे पूजा समिति के सैकड़ों सदस्य एवं ग्रामीण महिला-पुरुष मौजूद थे।

## वाहन जांच दौरान बाइक से 56 हजार रुपया बरामद

**महेशपुर।** ्थाना क्षेत्र के रद्दीपुर ओपी अंतर्गत कदमाडंगा स्थित चेकपोस्ट पर रद्दीपुर ओपी प्रभारी विवेक कुमार व एफ एस टी की संयुक्त वाहन जांच अभियान के दौरान एक बाईक से 56 हजार रुपया बरामद किया है द्यइस बावत ओपी प्रभारी विवेक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा आम चुनाव की मद्देनजर चेक पोस्ट पर वाहन जांच की जा रही थी इसी दौरान एक बाईक के डिक्की से 56 हजार रुपये पाये गये है जिसे जप्त कर लिया गया है द्य उन्होंने बताया कि जप्त रुपया के बावत जांच की जा रही है जांच के बाद अग्रेतर करवाई की जायेगी द्य वहीं दूसरी ओर पुलिस व एफएसटी की टीम द्वारा छापामारी कर बोल्डर लदा एक ट्रक को भी जब्त किया गया है जब्त ट्रक को स्थानीय ओपी परिसर में रखा गया है द्यजब्त ट्रक के बावत ओपी प्रभारी ने बताया कि अवैध पत्थर लदे वाहनों की परिवहन को लेकर छापामारी की गई तो इस दौरान कदमाडंगा चेक पोस्ट पर बोल्डर लदे एक ट्रक पार कर रहा था तभी उसे रोका गया और फिर सम्बंधित कागजात की मांग की गई परंतु चालक द्वारा कागजात नही दिखाया द्य उन्होंने बताया कि अवैध तरीके से बोल्डर लोड ट्रक परिचालन कर रहा था जिसे जब्त कर लिया गया है द्य जब्त ट्रक से सम्बंधित जांच की जा रही है जांच के बाद करवाई की जायेगी

### विधानसभा चुनाव को लेकर फ्लैग मार्च



लिट्टीपाड़ा( पाकुड़ )आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए लिट्टीपाड़ा पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह के नेतृत्व में निकाला। फ्लैग मार्च करते हुए लिट्टीपाड़ा पुलिस ने थाना से तिलका मांझी चौक होते हुए नवाडीह, रांगा, बादल चौक,करियोडीह पहुंचा।पुनः उसी रास्ते से लिट्टीपाड़ा थाना पहुंचा।थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि विधानसभा चुनाव भयमुक्त हो जिसको लेकर पुलिस लगातार कार्य कर रही है आज इसी निमित्त फ्लैग मार्च निकाला गया। साथ लोगों को 20नवंबर को होने वाली विधानसभा चुनाव भयमुक्त करने का अपील किया।कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं करने का अपील भी किया।सौहार्द को बिगाड़ने वाले पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एएसआई अरुण ठाकुर, छोटेलाल यादव सहित पुलिस बल तैनात थे।

## बूथ पर एएमएफ की सुविधा सुनिश्चित करें : डीसी

पाकुड़।विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में मतदान केंद्रों पर न्यूनतम भौतिक सुविधाओं को लेकर एएमएफ कोषांग के पदाधिकारी एवं कर्मी के साथ बैठक की।सुगम एवं समावेशी मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करें सुनिश्चित~डीसी*जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, रैंप, शौचालय, दिव्यांग मतदाताओं के लिए बूथ पर व्यवस्थाओं, वालंटियर्स, प्रशिक्षण, बूथों पर चिकित्सा सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा कर सुगम और समावेशी मतदान सुनिश्चित करवाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिए। सभी मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधा की जांच करने हेतु विधानसभा के अनुसार टीम का गठन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया।मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, कार्यपालक दंडाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडियस बाड़ा समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## देशी कट्टा बरामद चार अज्ञात पर मामला दर्ज

पाकुड़। बीती रात्रि में गुप्त सूचना के आधार पर मॉडल स्कूल काशिला के पास सुनसान स्थान पर एक मैदान में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान चार युवक पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हें पकड़ने का प्रयास किया गया परन्तु सभी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। उक्त स्थान की तलाशी लेने पर एक झोला में रखा हुआ लोहा का एक देशी कट्टा मिला जिसे जप्त करते हुए मु0 थाना के स्वलिखित बयान के आधार पर पाकुड़ मु0 थाना काण्ड संख्या 220/2024, दिनांक 21.10.2024, धारा 25(1-बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट के तहद 04 अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में आने वाले विभागों के अधिकारियों को पोस्टल बैलेट की रहेगी सुविधा



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** विधानसभा आम चुनाव, 2024 में समावेशी मतदान करते हुए शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर बैठक का आयोजन समाहरणालय में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी से सभी को अवगत कराया। साथ ही एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में आने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों का मतदान विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान सुनिश्चित कराने को लेकर सभी अधिकारियों एवं कार्यालय प्रधानों को आवश्यक प्रक्रिया से अवगत कराया।इसके अलावा बैठक में जिला निवाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में आने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची पोस्टल बैलेट कोषांग को तय समय अनुसार उपलब्ध करने की बात कही। आगे उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु फॉर्म 12डी देवघर जिला के अधिकारिक वेबसाईट देवघर एनआईसी से भी डाउनलोड किया जा सकता है।बैठक में उपरोक्त के अलावे अपर समाहर्ता हीरा कुमार, वरीय नोडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, पोस्टल बैलेट कोषांग, वरीय/नोडल पदाधिकारी,जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी,जिला गव्य विकास पदाधिकारी,भारतीय खाद्य निगम,डाकपाल,मुख्य डाकघर, रेलवे प्रबंधक, जसीडीह/बैद्यनाथधाम/देवघर/मधुपुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (यातायात), जिला अग्निशामन पदाधिकारी,सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी,एम्स के अधिकारी, देवघर एयरपोर्ट के अधिकारी, के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी व कोषांग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

## एनाटॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के बिहार एवं झारखंड चैप्टर का राज्य सम्मेलन आयोजन



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** एनाटॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के बिहार एवं झारखंड चैप्टर का राज्य सम्मेलन (12वां बीजेएएसआईकॉन) का 12वां वार्षिक राज्य सम्मेलन 19 और 20 अक्टूबर, 2024 को हुआ। एम्स देवघर में शरीर रचना विभाग द्वारा आयोजित इस वर्ष के सम्मेलन में प्रतिष्ठित वक्ताओं, शोधकर्ताओं और प्रतिभागियों का एक विविध समूह एक साथ आए, सभी जो इस विषय का पता लगाने के लिए उत्सुक थे÷ ÷ट्रांसक्रिप्टोमिक्स के माध्यम से एनाटॉमी - एनाटोमिया जेनेटिका। सम्मेलन का उद्देश्य एनाटॉमिकल अध्ययनों और आनुवंशिक अनुसंधान के बीच की खाई को पाटना था, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया कि ट्रांसक्रिप्टोमिक्स में प्रगति कैसे मानव शरीर रचना और इसकी विविधताओं के बारे में हमारी समझ को बढ़ा सकती है। दो दिवसीय कार्यक्रम में मुख्य भाषणों और वैज्ञानिक सत्रों की एक श्रृंखला शामिल थी, जिसमें पैनल चर्चाएँ शामिल थीं,जिससे ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक सहयोगी वातावरण को बढ़ावा मिला।सम्मेलन का उद्घाटन प्रो. (डॉ.) सौरभ वार्ष्णेय (एम्स देवघर के कार्यकारी निदेशक और सीईओ) ने एक प्रभावशाली उद्घाटन भाषण देकर किए। अपने भाषण में उन्होंने समाज के सामने आने वाली नैदानिक विकलांगताओं को दूर करने में आनुवंशिकी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिए।

## स्कूली बच्चों को तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत सिविल सर्जन, देवघर डॉ0 युगल किशोर चौधरी एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह-नोडल पदाधिकारी एन0सी0डी0 कोषांग देवघर के निर्देशानुसार सोमवार को, उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय मानिकपुर,देवघर विद्यालय में तंबाकू निषेद पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस खतरनाक आदत से दूर रखना है। इस कार्यक्रम में बच्चो को तम्बाकू से होने वाले बीमारियों जैसे कैंसर, अस्थमा, लकवा, श्वास संबधित बीमारी के बारे में चर्चा की गयी, तथा इससे होने वाले आर्थिक और सामाजिक दुष्प्रभाव के बारे मे भी बतलाया गया।कार्यक्रम के अंत में बच्चों को तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई।कार्यशाला में प्राचार्य अलोक कुमार स्कूल के शिक्षकगण- विद्या सागर,संतोष पटेल,केसरिकांत,मालेश्वर मंडल, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला परामर्शी अभिमन्यु दांगी, डी0 पी0 ए0 रवि चन्द्र मुर्मू , एवं अन्य शामिल थे।

## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, डॉ मनोज कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार, आर0 एल0 सर्राफ उच्च विद्यालय देवघर में विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह एवं राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम, देवघर के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य एवं मुख स्वास्थय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता हेतु सदर अस्पताल देवघर के सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद शरीफ अंसारी के द्वारा बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य एक सकारात्मक अवधारणा है जो व्यक्तिगत और सामाजिक संसाधनों के साथ-साथ शारीरिक क्षमताओं पर भी जोर देती है। साथ ही छात्रों में मानसिक रोग होने के कारण, मानसिक रोग क्या होता है के बारे में विस्तार से अपनी बात को रखा तथा मानसिक रोग से सम्बंधित आधुनिक समय की चुनौतियों के बारे में अवगत कराया। वही क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ अपर्णा रानी ने मानसिक स्वास्थ्य से निपटने हेतु बताया कि नियमित व्यायाम करने से तनाव कम होता है, नींद अच्छी आती है, और मानसिक बीमारी से उबरने में मदद मिलती है। उक्त कार्यक्रम में श्री रवि कुमार सिन्हा (एफ॰ एल॰ सी॰), अभिषेक कुमार लाल (डी0ई0ओ0) एवं अन्य उपस्थित थे।

## तीन महीनों में प्रधानाध्यापक विलंब से पहुंचे स्कूल, समय से पहले विद्यालय से हो गए गायब



**देवघर ।** देवीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत में प्रधानाध्यापक विजय हांसदा विगत तीन महीनों के दौरान 52 दिन विद्यालय संचालित हुए। जिसमें मात्र 25 दिन ही वे विद्यालय पहुंचे और इस 25 दिन के दौरान करीब 2 घंटे विलंब से पहुंचे। जबकि समय से घंटे भर पूर्व ही विद्यालय से गायब हो गए हैं। वहां के अन्य सहायक शिक्षकों ने बताया कि कार्यालय काम से विद्यालय से निकल जाते हैं। सोमवार को भी वह विद्यालय एक घंटा लेट से पहुंचे और कार्यालय काम से पहले बाहर चले गए। विद्यालय में बच्चों का पोशाक की कमी देखा गया। बच्चों का भोजन करने की अव्यवस्था, भोजन में हरी सब्जी शामिल, सीधे जमीन पर बैठ कर भोजन करने, कार्यालय और गोदाम में कोईं अन्तर नहीं आदि कई अनियमितताएं पाए गए। इस बावत विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय हांसदा ने मोबाइल पर अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि विद्यालय में नेटवर्क नहीं रहता है। इसलिए घर से रिपोर्ट बनाने के लिए व्यस्थ रहते हैं।

# पूर्व रेलवे की ओर से 40 छठ और दिवाली विशेष ट्रेनें

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर/जसीडीह।** दिवाली और छठ त्योहारों के दौरान यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, इस वर्ष पूर्व रेलवे देश के विभिन्न दिशाओं में चालीस (40) विशेष ट्रेनें चला रहा है। इस कदम से भीड़-भाड़ को कम करने और इस मौसम के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में जाने वाले यात्रियों के लिए सुगम यात्रा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। अक्टूबर और नवंबर 2024 के महीने में विशेष ट्रेनों की 390 यात्राओं के माध्यम से 4,00,000 बर्थ सृजित की गई हैं। ये विशेष ट्रेनें त्योहारों के दौरान सभी यात्रियों के लिए सुविधाजनक और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करेंगी। ये विशेष ट्रेनें उन यात्रियों को काफी मदद करेंगी जो त्योहारी सीजन के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में अपने कार्यस्थलों से घर लौटना चाहते हैं। अतिरिक्त यात्रा विकल्प को प्रदान करके, पूर्व रेलवे का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि यात्री यात्रा व्यवस्था सुरक्षित करने के तनाव के



बिना अपने प्रियजनों के साथ त्योहारी सीजन मना सकें। ये विशेष ट्रेनें हावड़ा, सियालदह, कोलकाता टर्मिनल, आसनसोल, भागलपुर और मालदा टाउन सहित प्रमुख स्टेशनों से प्रस्थान करेंगी और खातीपुरा, उधना, वड़ोदरा, दीघा, पुरी, जयनगर, पटना, न्यू जलपाईगुड़ी, लखनऊ, हरिद्वार, गोरखपुर, सिकंदराबाद, पुणे, नई दिल्ली, रक्सौल और आनंद विहार स्टेशन जैसे प्रमुख गंतव्यों को सेवा प्रदान करेंगी। इसी को ध्यान में रखते हुए, पूर्व रेलवे 03417/03418 मालदा टाउन - उधना - मालदा टाउन स्पेशल, 03007/03008 हावड़ा - खातीपुरा - हावड़ा स्पेशल, 03509/03510 आसनसोल - खातीपुरा - आसनसोल स्पेशल, 03131/03132 सियालदह - गोरखपुर - सियालदह स्पेशल 03043/03044 हावड़ा - रक्सौल - हावड़ा स्पेशल, 03045/03046 हावड़ा - रक्सौल - हावड़ा स्पेशल, 03109/03110 सियालदह - वडोदरा- सियालदह स्पेशल, 03109/03110 सियालदह - वडोदरा - सियालदह स्पेशल, 03575/03576 आसनसोल - आनंद विहार - आसनसोल स्पेशल और 03435/03436 मालदा टाउन-आनंद विहार-मालदा टाउन स्पेशल, 03465/03466 मालदा टाउन-दीघा-मालदा टाउन स्पेशल, 03101/03102 कोलकाता-पुरी-कोलकाता स्पेशल, 03187/03188 सियालदह-जयनगर-सियालदह स्पेशल, 03135/03136 कोलकाता -पटना कोलकाता स्पेशल, 03027/03028 हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा स्पेशल, 03107/03108 सियालदह-लखनऊ-सियालदह स्पेशल, 03423/03424 भागलपुर-हरिद्वार-भागलपुर स्पेशल, 03430/03029 मालदा टाउन सिकंदराबाद-मालदा टाउन स्पेशल, 03425/03026 मालदा टाउन-पुणे-मालदा टाउन स्पेशल, 03413/03414 मालदा टाउन-नई दिल्ली-मालदा टाउन स्पेशल और 03483/03484 भागलपुर-नई दिल्ली-भागलपुर स्पेशल चला रही हैं।

## सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से बाल विवाह के खात्मे के प्रयासों को मजबूती मिलेगी : रानी कुमारी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** चेतना विकास देवघर जिले में गत कई वर्षों से बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए काम कर रही है.÷बाल विवाह मुक्त भारत÷ जो कि 200 से ज्यादा गैरसरकारी संगठनों का एक राष्ट्रव्यापी गठबंधन है और जो 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए 400 से ज्यादा जिलों में जमीनी अभियान चला रहे हैं.चेतना विकास भी इस राष्ट्रव्यापी गठबंधन का सहयोगी है.देश में बाल विवाह कानून पर एक ऐतिहासिक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून के प्रभावी तरीके से कार्यान्वयन के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि बाल विवाह अपनी मर्जी से जीवनसाथी चुनने के अधिकार को छीनता है.प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने फैसले में कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के



प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सरकार व प्रशासन को बचाव-रोकथाम-अभियोजन रणनीति के साथ समुदाय आधारित दृष्टिकोण के साथ काम करने की जरूरत है. सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी दिशानिर्देशों में स्कूलों, धार्मिक संस्थाओं और पंचायतों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता के प्रसार का अहम औजार बताते हुए बाल विवाह की ज्यादा दर वाले इलाकों में स्कूली पाठ्यक्रम में बाल विवाह की रोकथाम से संबंधित उपायों की जानकारियां शामिल करने को कहा गया है।

# 02 साईबर अपराधी गिरफ्तार,02 मोबाइल,03 सिम कार्ड जब्त

### फुटाबांध जंगल में फर्जी बैंक पदाधिकारी बन कर रहे थे ठगी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** साइबर पुलिस ने जिले के विभिन्न स्थानों से गुप्त सूचना पर 02 साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 02 मोबाइल,03 सिम कार्ड जब्त किया है। गिरफ्तार अभियुक्त में सारठ थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलचुंवा वर्तमान में जसीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत कोठिया गांव निवासी चंदन कुमार दास, पिता राजकिशोर दास,दूसरा आरोपी मारगोमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत राजाआगर गांव के बिलास मंडल, पिता जवारी मंडल शामिल हैं। उक्त अभियुक्तों के पास से साईबर अपराध से संबंधित प्रतिबिम्ब एप में अपलोड किया गया 02 फर्जी मोबाईल नंबर बरामद किया गया है। पूछताछ में साइबर आरोपी ने पुलिस को बताया कि जसीडीह थाना अंतर्गत फुटाबांध जंगल के समीप फर्जी बैंक पदाधिकारी कस्टमर केअर पदाधिकारी क्रेडिट कार्ड पदाधिकारी एयरटेल पेमेंट बैंक फोन पे कस्टमर केयर पदाधिकारी बनकर आमलोगों को झांसे में लेकर ठगी कर रहे थे। साथी ही सहायता के रूप में कार्ड को पुनः



चालू कराने के नाम पर झांसा देकर ठगी करते थे। छापामारी दल में साईबर थाना के पु0नि0 सुकांत त्रिपाठी,पु0अ0नि0 अजय कुमार,जसीडीह थाना के पुलिस निरीक्षक सह सह थाना प्रभारी रवि ठाकुर छापामारी दल में शामिल थे।

## अवैध शराब की बिक्री के विरुद्ध छापा, एक गिरफ्तार

**संवाददाता**

**देवघर।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देवीपुर थाना क्षेत्र के ठरियारी से अंग्रेजी शराब पुलिस ने जब्त किया है। साथ ही पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान देवीपुर थाना क्षेत्र के ठरियारी गांव निवासी कन्हया कुमार बल्द - बोनी यादब के रूप में हुई है। घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि ठरियारी से अबैध विदेशी शराब की बिक्री करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जिसमें अवैध विदेशी शराब - 12.75 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि कन्हया कुमार के बारे में अवैध शराब की बिक्री करने की जानकारी अधीक्षक उत्पाद को मिली थी। इसके बाद उनके निर्देश पर एक टीम बनाकर छापामारी किया गया। इसमें विदेशी शराब बरामद किया गया।

### साहेबगंज समाहरणालय
### (जिला राजस्व शाखा)

**—: आदेश :—**

**PR No – 337670 (24-25)**

साहेबगंज जिलान्तर्गत् अंचल – साहेबगंज, तालझारी, राजमहल एवं उधवा में अवस्थित सैरातों की बन्दोवस्ती हेतु वित्तीय वर्ष – 2024–2025 से 2026– 2027 तक के लिए कार्यालय ज्ञापांक – 826/रा0, दिनांक – 28.09.2024 द्वारा दिनांक 21.10.2024 के अपराह्न 03:00 बजे डाक की कार्रवाई हेतु डाक सूचना स्थानीय सामाचार पत्रों में प्रकाशन की गई थी।

उल्लेखनीय है कि दिनांक – 15.10.2024 को मुख्य चुनाव आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विधान सभा आम चुनाव – 2024 की घोषणा उपरांत साहेबगंज जिलान्तर्गत विभिन्न सैरातो की बन्दोवस्ती के लिए कार्यालय पत्रांक 914/रा0, दिनांक 17.10.2024 द्वारा सरकार के उप सचिव, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार, विभाग झारखंड, राँची से मार्गदर्शन की मांग की गई है

अतएव दिनांक – 21.10.2024 के अपराह्न 03 :00 बजे विभिन्न सैरातों की बन्दोवस्ती हेतु डाक की कार्रवाई विधान सभा आम चुनाव – 2024 को देखते हुए अगले आदेश तक के लिए स्थगित की जाती है।

PR 339356 (District)24-25*D

अपर समाहर्त्ता,साहेबगंज

## जसीडीह स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने युवक के बैग से दो देसी कट्टा और कारतूस जब्त किया



**देवघर।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस द्वारा सभी जगह जांच अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को जसीडीह स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने जांच के क्रम में एक युवक के बैग से दो देसी कट्टा और कारतूस बरामद किया है। वही युवक को गिरफ्तार कर जीआरपी पुलिस पूछताछ करने में जुटी है। गिरफ्तार युवक का नाम सुमित कुमार सिंह है जो बिहार के पटना जिले के पंडारक थाना क्षेत्र बिहारी बीघा गावं का रहने वाला है। जाता है कि रेल के जीआरपी पुलिस द्वारा स्टेशन परिसर में जांच अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान गिरफ्तार युवक के बैग को जब चेक किया गया तो उसमें रखा दो देसी कट्टा तीन जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया गया। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार युवक जसीडीह थाना क्षेत्र के तिलजोरी गांव में अपने मामा घर आया था। सोमवार को वापस घर जाने के लिए जसीडीह स्टेशन ट्रेन पकड़ने के लिए पहुंचा था। जसीडीह रेलवे स्टेशन पर जीआरपी द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान जांच के क्रम में उसके बैग से हथियार और गोली बरामद किया गया।

## दर्जनों लिपिक का स्थानांतरण के बावजूद लिपिक पुराने जगहों पर ही काम कर रहे हैं : मनोज

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र ने सिविल सर्जन देवघर को पत्र लिख कर चार बिंदुओं पर समाधान की मांग की है.सिविल सर्जन देवघर के द्वारा जुलाई में दर्जनों लिपिक का स्थानांतरण किया गया था,लेकिन कुछ को छोड़कर अधिकतर लिपिक पुराने जगहों पर ही काम कर रहे हैं, सिविल सर्जन के द्वारा जुलाई और दिसम्बर में पुनः उन्हें नव पदस्थापित स्थान पर योगदान करने का आदेश दिया लेकिन अभी तक सिविल सर्जन के आदेश का उन पर कोई असर नहीं पड़ा और वह पुराने जगह पर काम कर रहे हैं, इसमें सिविल सर्जन कार्यालय के कई लिपिक भी शामिल हैं. उन सभी को पदस्थापित स्थान पर भेजने की मांग की गई, वर्ष 2014 में करीब 77 एएनएम नियमित हुई थी।जिनके दस सालों की सेवा पूर्ण होने पर सभी को ए सी पी का लाभ सुनिश्चित हो, सभी कर्मचारियों को ससमय वेतन भुगतान हो, रक्त केंद्र देवघर के सफाई कर्मी को करीब छह माह से पारिश्रमिक भुगतान नहीं होने से भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जल्दी पारिश्रमिक भुगतान हो।

## नेताजी सुभाष जागृति मंच ने किया विजया सम्मेलन



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** नेताजी सुभाष जागृति मंच के द्वारा हर साल की तरह इस साल भी बड़ी ही हर्षोउल्लास के साथ विजया सम्मेलन किया गया।यह सम्मेलन कार्यक्रम नेताजी सुभाष जागृति मंच के जिला अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद साह के निजी आवास जिला कार्यालय में किया गया।विजय सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित हुए नेताजी सुभाष जागृति मंच के केंद्रीय अध्यक्ष उदय चक्रवर्ती केंद्रीय संरक्षक दीपू राज जिला अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद साह महिला मोर्चा अध्यक्ष नमिता दत्ता महिला जिला महासचिव मंजरी घोष जिला सचिव सरस्वती चक्रवर्ती संयुक्त सचिव मुनमुन बोस बंदना दास वरिष्ठ सदस्या रामदासी घोष नगर अध्यक्ष गौतम कर्मकार सक्रिय सदस्य मनोज कुमार एवं मंच के सदस्य सह पूर्व देवघर विधान सभा प्रत्याशी चंद्रशेखर रजक और अन्य सदस्यों उपस्थित हुए।कार्यक्रम के अंत में केंद्रीय अध्यक्ष उदय चक्रवर्ती के द्वारा सभी को मुंह मिठाई करवाया गया।

### Vidhan Sabha General Election-2024
### Training Cell Godda

**1st Training Programme for Polling Personal at District Level**
**Venue - Mahilla College Godda**
**Date & Batchwise No of Polling Personal**

| Sl. No | Room No | Time | 22.10.2024 (Tuesday) | | 23.10.2024 (Wednesday) | | 24.10.2024 (Thursday) | | 25.10.2024 (Friday) | | 26.10.2024 (Saturday) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Sl.No of P.P | No of P.P | Sl.No of P.P | No of P.P | Sl.No of P.P | No of P.P | Sl.No of P.P | No of P.P | Sl.No of P.P | No of P.P |
| 1 | Room No-1 (Ground Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-01 to 50 | 50 | P1-01 to 50 | 50 | P2-01 to 50 | 50 | P3-01 to 50 | 50 | Pr-01 to 12 | 12 |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-801 to 850 | 50 | P1-801 to 850 | 50 | P2-801 to 850 | 50 | P3-801 to 850 | 50 | | |
| 2 | Room No-2 (Ground Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-51 to 100 | 50 | P1-51 to 100 | 50 | P2-51 to 100 | 50 | P3-51 to 100 | 50 | P1-01 to 42 | 42 |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-851 to 900 | 50 | P1-851 to 900 | 50 | P2-851 to 900 | 50 | P3-851 to 900 | 50 | | |
| 3 | Room No-3 (Ground Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-101 to 150 | 50 | P1-101 to 150 | 50 | P2-101 to 150 | 50 | P3-101 to 150 | 50 | P2-01 to 50 | 50 |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-901 to 950 | 50 | P1-901 to 950 | 50 | P2-901 to 950 | 50 | P3-901 to 950 | 50 | | |
| 4 | Room No-4 (Ground Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-151 to 200 | 50 | P1-151 to 200 | 50 | P2-151 to 200 | 50 | P3-151 to 200 | 50 | P2-51 to 100 | 50 |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-951 to 1000 | 50 | P1-951 to 1000 | 50 | P2-951 to 1000 | 50 | P3-951 to 1000 | 50 | | |
| 5 | Room No-5 (Ground Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-201 to 250 | 50 | P1-201 to 250 | 50 | P2-201 to 250 | 50 | P3-201 to 250 | 50 | P2-101 to 111 P3-01 to 36 | 11 36 |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1001 to 1050 | 50 | P1-1001 to 1050 | 50 | P2-1001 to 1050 | 50 | P3-1001 to 1050 | 50 | | |
| 6 | Room No-6 (1st Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-251 to 300 | 50 | P1-251 to 300 | 50 | P2-251 to 300 | 50 | P3-251 to 300 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1051 to 1100 | 50 | P1-1051 to 1100 | 50 | P2-1051 to 1100 | 50 | P3-1051 to 1100 | 50 | | |

| Sl. No | Room No | Time | 22.10.2024 (Tuesday) | | 23.10.2024 (Wednesday) | | 24.10.2024 (Thursday) | | 25.10.2024 (Friday) | | 26.10.2024 (Saturday) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Sl.No of P.P | No of P.P | Sl.No of P.P | No of P.P | Sl.No of P.P | No of P.P | Sl.No of P.P | No of P.P | Sl.No of P.P | No of P.P |
| 7 | Room No-7(1st Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-301 to 350 | 50 | P1-301 to 350 | 50 | P2-301 to 350 | 50 | P3-301 to 350 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1101 to 1150 | 50 | P1-1101 to 1150 | 50 | P2-1101 to 1150 | 50 | P3-1101 to 1150 | 50 | | |
| 8 | Room No-8 (1st Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-351 to 400 | 50 | P1-351 to 400 | 50 | P2-351 to 400 | 50 | P3-351 to 400 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1151 to 1200 | 50 | P1-1151 to 1200 | 50 | P2-1151 to 1200 | 50 | P3-1151 to 1200 | 50 | | |
| 9 | Room No-9 (1st Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-401 to 450 | 50 | P1-401 to 450 | 50 | P2-401 to 450 | 50 | P3-401 to 450 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1201 to 1250 | 50 | P1-1201 to 1250 | 50 | P2-1201 to 1250 | 50 | P3-1201 to 1250 | 50 | | |
| 10 | Room No-10 (1st Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-451 to 500 | 50 | P1-451 to 500 | 50 | P2-451 to 500 | 50 | P3-451 to 500 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1251 to 1300 | 50 | P1-1251 to 1300 | 50 | P2-1251 to 1300 | 50 | P3-1251 to 1300 | 50 | | |
| 11 | Room No-11 (2nd Flor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-501 to 550 | 50 | P1-501 to 550 | 50 | P2-501 to 550 | 50 | P3-501 to 550 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1301 to 1350 | 50 | P1-1301 to 1350 | 50 | P2-1301 to 1350 | 50 | P3-1301 to 1350 | 50 | | |
| 12 | Room No-12 (2nd Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-551 to 600 | 50 | P1-551 to 600 | 50 | P2-551 to 600 | 50 | P3-551 to 600 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1351 to 1400 | 50 | P1-1351 to 1400 | 50 | P2-1351 to 1400 | 50 | P3-1351 to 1400 | 50 | | |
| 13 | Room No-13 (2nd Flo0r) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-601 to 650 | 50 | P1-601 to 650 | 50 | P2-601 to 650 | 50 | P3-601 to 650 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1401 to 1450 | 50 | P1-1401 to 1450 | 50 | P2-1401 to 1450 | 50 | P3-1401 to 1450 | 50 | | |

| Sl. No | Room No | Time | 22.10.2024 (Tuesday) | | 23.10.2024 (Wednesday) | | 24.10.2024 (Thursday) | | 25.10.2024 (Friday) | | 26.10.2024 (Saturday) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Sl.No of P.P | No of P.P | Sl.No of P.P | No of P.P | Sl.No of P.P | No of P.P | Sl.No of P.P | No of P.P | Sl.No of P.P | No of P.P |
| 14 | Room No-14 (2nd Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-651 to 700 | 50 | P1-651 to 700 | 50 | P2-651 to 700 | 50 | P3-651 to 700 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1451 to 1500 | 50 | P1-1451 to 1500 | 50 | P2-1451 to 1500 | 50 | P3-1451 to 1500 | 50 | | |
| 15 | Room No-15 (2nd Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-701 to 750 | 50 | P1-701 to 750 | 50 | P2-701 to 750 | 50 | P3-701 to 750 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1501 to 1550 | 50 | P1-1501 to 1550 | 50 | P2-1501 to 1550 | 50 | P3-1501 to 1550 | 50 | | |
| 16 | Room No-16 (1st Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-751 to 800 | 50 | P1-751 to 800 | 50 | P2-751 to 800 | 50 | P3-751 to 800 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1551 to 1600 | 50 | P1-1551 to 1600 | 50 | P2-1551 to 1600 | 50 | P3-1551 to 1600 | 50 | | |

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, गोड्डा

PR 339374 Election(24-25).D

## प्रशासनिक पदाधिकारियों की मौजूदगी में हिमालयन एकेडमी का खुला ताला



**मेहरमा (गोड्डा)** । विगत 5 वर्षों से बंद विद्यालय हिमालयन एकेडमी का ताला सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में खोला गया। इसके साथ ही अगले सत्र से नामांकन का रास्ता साफ हो गया। जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू, महागामा अनुमंडल पदाधिकारी आलोक वरन केसरी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी अभिनव कुमार, थाना प्रभारी नीतीश अश्विनी की मौजूदगी में विद्यालय के मुख्य द्वार तथा कार्यालय कक्ष का ताला खुलवाया गया। जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई। इस दौरान विद्यालय के अध्यक्ष अरविंद संथालिया, ट्रस्टी विपिन कुमार जायसवाल के साथ प्रबुद्ध ग्रामीणों में मनोज कुमार, बिभास कुमार सिन्हा, विलियम कुमार, इंद्रनील घोषाल, पंकज कुमार झा, कपूर चंद कुशवाहा, हेमंत कुमार, प्रभाकर पांडेय आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। ज्ञात हो कि सन् 2019 में मेहरमा बाईपास में स्थित इस विद्यालय का एक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जिसके आलोक में तत्कालीन उपायुक्त किरण पासी के आदेश पर तत्कालीन एसडीम, एसडीपीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी की उपस्थिति में विद्यालय को सील कर दिया गया था। सभी केस खारिज होने के बाद अब विद्यालय खुलने का रास्ता साफ हो गया।

## गांजे की खरीद बिक्री करने वाले चार कारेबारियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**गोड्डा** । पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को बीते शनिवार गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि महागामा अनुमण्डल के महागामा थाना एवं मेहरमा थाना अन्तर्गत मादक पदार्थ (गांजा) के कारोबारियों के द्वारा खरीद-बिक्री की जा रही है। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, महागामा चन्द्रशेखर आजाद के नृतत्व में त्वरित कार्रवाई एवं संलिप्त व्यक्तियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम का गठन किया गया। इसके बाद अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, महागामा द्वारा गठित विशेष पुलिस टीम एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, महागामा के साथ महागामा थाना अन्तर्गत केंचुआ चौक, नहर के पास छापामारी कर गोलू कुमार नामक व्यक्ति को करीब दो किलो गाँजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सन्दर्भ में महागामा थाना कांड संख्या 183/24 दिनांक 19.10.2024 धारा 20 (बी) (11) (बी)/22 एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत काण्ड दर्ज किया गया।वहीं उक्त मामले में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, महागामा के दिशा-निर्देश में मेहरमा क्षेत्र में गठित विशेष टीम एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मेहरमा के द्वारा मेहरमा थाना अन्तर्गत अमजोरा पिरोजपुर से अवैध रूप से गांजा की खरीद-बिक्री कराने वाले तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इस सन्दर्भ में मेहरमा थाना काण्ड संख्या 113/24 दिनांक 19.10.24 धारा 20 (बी) (द्वद्व) (बी)/ 22 एन0वी0एस0 एक्ट के तहत काण्ड दर्ज किया गया।

वहीं अवैध गांजे की खरीद बिक्री मामले में एक गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गोलू कुमार, उम्र 24 वर्ष, पे0 विनोद चौधरी, सा0 शेरमारी हाट, थाना पीरपैती, जिला भागलपुर, बिहार के रूप में किया गया। अभियुक्त के पास से एक सफेद रंग के झोला में रखा दो कि0ग्रा0 गांजा बरामद किया गया। जिसके बाद अभियुक्त के विरुद्ध महागामा थाना में काण्ड संख्या 183/24 दिनांक 19.10.2024 धारा 20 (बी) (द्वद्व) (बी) / 22 एम0टी0पी0एस0 एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

वहीं गांजे की खरीद बिक्री मामले में तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। तीनों गिरफ्तार अभियुक्तो की पहचान अजय कुमार, उम्र करीब 35 वर्ष, पे0 सरयू प्र0 साह, अनुप कुमार, उम्र 26 वर्ष, पे0 ब्रजकिशोर साह दोनों सा0 अमजोरा, फिरोजपुर, थाना मेहरमा एवं मुकेश दास, उम्र 25 वर्ष, पे0 अमित दास, सा0 भांजपुर, थाना महागामा, जिला जिला गोड्डा के रूप में की गई। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 1.375 कि0ग्रा0 गांजा बरामद किया गया। जिसके बाद तीनों अभियुक्त के विरुद्ध मेहरमा थाना में काण्ड संख्या 113/24 दिनांक 19.10.24 धारा 20 (बी) (द्वद्व) (बी)/22 एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

उक्त छापामारी दल में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, महागामा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मेहरमा, पुलिस अवर निरीक्षक शिवदयाल सिंह, थाना प्रभारी, महागामा, पुलिस अवर निरीक्षक नितीश अश्विन, थाना प्रभारी, मेहरमा पुलिस अवर निरीक्षक विधानचन्द्र पटेल, मेहरमा थाना, सहायक अवर निरीक्षक अनिल कुमार, मेहरमा थाना मौजूद थे।

## विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यालय में भाजपा की हुई बैठक



**कुंडहित (जामताड़ा)** सोमवार को पार्टी कार्यालय में भाकपा कुंडहित अंचल कमेटी का एक बैठक ननी गोपाल मान्ना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। 27 अक्टूबर तक सभी पंचायत में बूथ कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया । वही कुंडहित अंचल के 15 पंचायत को 5 जोन में बांटा गया और संगठन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में भाकपा प्रत्याशी कन्हाई माल पहाड़िया ने आगामी विधानसभा चुनाव में संगठन मजबुती तथा संगठन बिस्तार को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही 2024 विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत पर चर्चा किया गया। वही सभी कामरेड को हर गांव हर घर तक जाने को कहा गया। हर बुथ को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। बैठक में जिला सचिव सह नाला विधानसभा के भाकपा प्रत्याशी कन्हाई चंद्र माल पहाड़ियां, जिला सहायक सचिव मिहिर मंडल, गौर रवानी, सुकुमार घोष, अंचल मंत्री गोपीनाथ मंडल, बादल मंडल, संजय सिंह, जयंत सिंह, निरोध घोष, परितोष घोष, सुबल घोष, संतोष घोष, बृज गोपाल घोष, कृष्णा पद घोष, हिरेन बाउरी, साधन घोष, शिशिर कर्मकार, रविचंद्रन टुडू, सत्तू लाल टुडू, सूदन मुर्मू, राधेश्याम डोम, अमर डोम, प्रदीप खां, संजय पाल, अमल चंद्र घोष के अलावे काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आशिक इलाही को ऊंची कूद में मिला दूसरा स्थान




**प्रतिनिधि, हनवारा** । महगामा के परसा गांव का आशिक इलाही अंतर जिला खेलकूद प्रतियोगिता की ऊंची कूद में राज्य में दूसरे स्थान पर चयनित किया गया है। आशिक इलाही अंतर जिला खेलकूद प्रतियोगिता के लिए सीएमएसई हाइस्कूल गोडडा से रांची भेजा गया था। रांची में आशिक पूरे राज्य में दूसरे स्थान पर चयनित किया गया है। आशिक के चयन होने पर पूरे स्कूल परिवार के ओर से बधाई दी गयी है। परिजन व दोस्त भी गदगद हैं। परिजनों ने कहा कि आशिक ने न केवल परसा बल्कि गोडडा जिला का नाम रोशन किया है।

# भाजपा प्रत्याशियों की सूची जारी होते ही भाजपा में उठने लगे हैं विरोध के स्वरूप





**संजीव /**

**गोड्डा।** विधानसभा चुनाव को लेकर आज से यानी मंगलवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है। चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी उफ़ान पर है। चुनाव आयोग द्वारा घोषणा के बाद इतने कम समय में आन पड़ी चुनाव को लेकर संभावित उम्मीदवारों से लेकर कार्यकर्ताओं तक में हलचल मचा हुआ है। इसी क्रम में बीजेपी में अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। जिसको लेकर गोड्डा में तो मामूली लेकिन महागामा एवं पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र में कुछ विरोध के स्वर अवश्य सामने आए हैं। हालांकि किसी भी पार्टी की ओर से कई दावेदार चुनाव में अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत करते हैं। लेकिन मजबूरी यह है कि वहां सिर्फ एक प्रत्याशियों के भाग्य पर मोहर लगता है। इसी क्रम में महागामा से भाजपा के पूर्व विधायक सह भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक भगत पर पुणः पार्टी आलाकमान ने भरोसा जताते हुए महागामा विधानसभा से चुनाव लड़ने की अनुमति दे दी है। वही गोड्डा में निवर्तमान विधायक अमित मंडल को तथा पोड़ैयाहाट से पिछले बार की तरह इस बार भी गजाधर सिंह पर पुणः पार्टी शीर्ष ने भरोसा जताया है।

**उठने लगे कई विरोध के स्वर**

किसी भी चुनाव में उम्मीदवारों के नाम की घोषणा के साथ ही पार्टी के अंदर से टिकट की चाह रखने वाले लोगों के विरोध के स्वर सामने आ ही जाते हैं। इस मामले में गोड्डा काफी सेंसिटिव रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव में गोड्डा संसदीय क्षेत्र की नौटंकी लोगों ने देखी ही थी। जहां कांग्रेस आलाकमान द्वारा महागामा विधायक दीपिका पांडे सिंह को लोकसभा का टिकट कांग्रेस की ओर से जारी किया गया था। लेकिन लगातार उठने विरोध के स्वर में आखिरकार पार्टी आलाकमान को फैसला बदलकर पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव को प्रत्याशी बनाया गया था। ऐसा ही कुछ सिलसिला चुनाव में चलते रहता है। महागामा विधानसभा क्षेत्र में भी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा होते ही कई विरोध के स्वर सामने आने लगे। इधर महागामा की बात करें तो सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन सिंह पिछले कुछ सालों से भगवा रंग में रंगे थे। जिन्हें यह उम्मीद थे कि इस बार शायद उनके नाम का लॉटरी भाजपा में निकल जाए। लेकिन पूर्व विधायक अशोक भगत के नाम की घोषणा होते ही इनके स्वर बदल गए। **क्या कहते हैं निरंजन सिन्हा**

महागामा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता निरंजन सिंह ने अशोक भगत को टिकट दिए जाने को गलत बताया। उन्होंने कहा कि संघ से संगठन तक ने उन्हें भरोसा दिया था कि इस बार भाजपा से आपको प्रत्याशी बनाया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उसके साथ एक कमेंट किया था कि उन्हें भाजपा का प्रत्याशी बनाया जाएगा लेकिन अफसोस जनक स्थिति यह रही की भाजपा ने उनके भरोसा को तोड़ा है तोड़ दिया। कहा की वह पिछले 25 वर्षों से सामाजिक कार्यकर्ता महागामा में है और यहां के लोग उन्हें इस क्षेत्र का बेटा कहते हैं। उन्होंने कहा कि कुर्मी जाति से एक भी प्रत्याशी संथाल परगना क्षेत्र में नहीं होना काफी दुखद है।

**क्या कहते हैं जिला भाजपा अध्यक्ष**

भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा की पार्टी आलाकमान ने काफी सोच विचार कर निर्णय लिया है। तीनों विधानसभा क्षेत्र में बेहतर प्रत्याशियों को टिकट दिया गया है। इसको लेकर पार्टी के भीतर किसी प्रकार की कोई भेदभाव या दुराग्रह नहीं है। सभी कार्यकर्ता काफी जोश में है। तथा तीनों ही विधानसभा क्षेत्र में अपना परचम लहराएंगे यह तय है। कहा की टिकट नहीं मिलने से कुछ लोग तो ऐसे ही बेवजह अपनी प्रतिक्रिया देते हैं जिसका कोई औचित्य ही नहीं है।

## अंग्रेजी शराब सहित महुआ शराब बरामद



**महगामा प्रतिनिधि गोड्डा /** अगामी विधानसभा आम चुनाव को मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार महगामा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चन्द्रशेखर आजाद के नेतृत्व में अनुमण्डल के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध मादक पदार्थ, शराब की तस्करी एवं कारोबार के विरूद्ध लगातार छापामारी जारी है। छापामारी के क्रम में महागामा थाना क्षेत्र के जियाजोरी के पास गठित छापामारी टीम के द्वारा छापामारी कर 02 (दो) कि0ग्रा0 गाँजा बरामद किया गया एवं एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इधर हनवारा थाना क्षेत्र में गठित टीम के द्वारा बेजाचक में छापामारी कर करीब 150 लीटर (एक सौ पचास) अवैध महुआ शराब जप्त किया गया। साथ हीं उक्त टीम के द्वारा खुर्द डुमरिया पुल के पास एक मोटर साईकिल एवं कुल 18 (अठराह) बोतल अंग्रेजी शराब जप्त किया गया तथा संलिप्त अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार बलबड्?डा थाना द्वारा कैरिया चेक पोस्ट के पास से एक मोटरसाईकिल एवं 18 (अठराह) बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया गया। ललमटिया थाना के द्वारा गोढ़िया चौक में छापामारी कर एक झोपडी 220 लीटर (दौ सौ बीस) अवैध महुआ शराब बरामद किया गया है। सभी बरामदगी के सम्बन्ध में संबंधित थाना में सुसंगत धाराओं में काण्ड अंकित किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में मनोज कुमार यादव उम्र 42 वर्ष पे0 स्व0 रामअवतार यादव, सा0 विरामचक, थाना बलबड्?डा को गँजा-02 (दो) कि0ग्रा0 2. एक हीरो होण्डा मोटरसाईकिल पंजीकरण सं0-छ्वा17-6783 के साथ गिरफ्तार किया गया।वही हनवारा थाना क्षेत्र में गिरफ्तार अभियुक्त सत्यनारायण पासी पे0 मितन पासी, सा0-बैजाचक, थाना-हनवारा, जिला-गोड्डा। 2. पिन्टु सिंह उम्र 37 वर्ष पे0 सुमेश सिंह, सा0-कोतवाली, थाना-नवादा, जिला-बांका, बिहार को विभिन्न कम्पनियों को अंग्रजी शराब-18 बोतल 2. देशी महुआ शराब 150 लीटर के साथ गिरफ्तार किया गया है। छापामारी दल में पु0अ0नि0 शिवदयाल सिंह, थाना प्रभारी, महागामा, पु0अ0नि0 राजन कुमार राम, थाना प्रभारी, हनवारा, पु0अ0नि0 राहुल कुमार चौबे, थाना प्रभारी, बलबड्डा, पु0अ0नि0 मुकेश कुमार राउत, ललमटिया थाना, पु0अ0नि0 मनोज कुमार, महागामा थाना, पु0अ0नि0 गन्दुर उरॉव, हनवारा थाना एवं चारों थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**पथरगामा संवाददाता।** तड़के सुबह पथरगामा थाना क्षेत्र के गांधी ग्राम हटिया के समीप बाइक से गोड्डा से ललमटिया जा रहे गोड्डा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी जयकांत महतो की मौत सामने से आ रही एक माल वाहक कंटेनर संख्या एन एल 01 ए 6-5880 की चपेट में आने से हो गई। आनन फानन में बुरी तरह से घायल जयकांत महतो को स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस से सदर अस्पताल गोड्डा पहुंचाया गया जहां जांचों पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजन वहां पहुंच गए थे वहीं पुलिस ने उन लोगों का फर्द बयान दर्ज किया है। ट्रक को जप्त कर पथरगामा थाना लाया गया है।

## पार्टी प्रतिनिधियों की मौजदूगी में किया ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन



**गोड्डा** । विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर के द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों, नॉमिनेशन की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी गई। रेंडमाइजेशन से पूर्व राजनीतिक दलों को रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया समझाई गई।

रेंडमाइजेशन में जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र 16 पौडैयाहट, 17 गोड्डा, 18 महागामा को मतदान केंद्रों की संख्या अनुसार आरक्षित सहित बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट का आवंटन किया गया। कुल 1178 मतदान केन्द्रों के लिए 1413 बीयू, 1413 सीयू एवं 1530 वीवी पैट आवंटित किए गए। अगला रैंडमाइजेशन 04 नवम्बर को प्रस्तावित है जिसमें बूथवार ईवीएम आवंटित किए जाएंगे। बैठक के अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, वैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा, आलोक वरण केसरी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता गोड्डा, रितेश जयसवाल, उपनिर्वाचन पदाधिकारी गोड्डा, पंकज कुमार, राजनीतिक दलों की प्रतिनिधिगण सहित कोषांग के कर्मी

## बीडीओ एवं सीओ ने सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश

फतेहपुर ~ प्रखंड कार्यालय फतेहपुर में सोमवार को विधानसभा चुनाव को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बीडीओ प्रेम कुमार दास एवं सीओ हिम्मत लाल महतो ने बैठक कर कई अहम दिशा निर्देश दिए। 15 पंचायतों के विभिन्न बूथों के लिए मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी को निर्देश दिया गया कि बूथों का निरीक्षण कर वहां पर व्याप्त व्यवस्था का जांच करें। बूथ पर पेयजल की समुचित व्यवस्था है या नहीं। इसके आलावा बिजली, रैंप, शौचालय समेत अन्य सुविधाओं की जांच कर जानकारी देने को कहा गया। कहीं भी किसी प्रकार की समस्या है तो इसकी सूचना तुरंत दें। कई सेक्टर मजिस्ट्रेट ने कई बूथों की समस्या को लेकर बीडीओ को अवगत कराया गया। मौके पर बीईईओ मिलन कुमार घोष, बीपीआरओ हरिपद रूइदास, सेक्टर मजिस्ट्रेट किशोर किस्कू, पवन हेंब्रम, चंद्रदेव मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## अशोक भगत को महागामा से टिकट दिए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल



**हनवारा संवाददाता गोड्डा/** महागामा विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी ने कैंडिडेट का ऐलान किया है। पहली सूची में पार्टी ने नाम घोषित किए थे। इस बार पार्टी ने महागामा विधानसभा से पूर्व विधायक अशोक कुमार भगत को प्रत्याशी बनाया है। उनकी टिकट की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। जानकारी देते हुए पूर्व विधायक अशोक कुमार भगत ने पैतृक गांव नरैनी मै अपनी खुशी जाहिर करते हुए पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि महागामा में फिर से एक बार कमल का फूल खिलेगा और सीट जीतकर भाजपा की झोली में डालने का काम करेंगे। वहीं पूर्व विधायक अशोक कुमार भगत को कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया वही टिकट मिलने के बाद अपने गांव नारायणी में पूर्व विधायक अशोक कुमार भगत ने बजरंगबली के मंदिर में जाकर पूजा किया और माथा टेका। बताते चलें कि लगभग विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए दर्जनों लोग भारतीय जनता पार्टी में हुए शामिल पूर्व विधायक अशोक भगत ने भगवा कलर का गमछा उड़ाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। मौके पर आनंद कुमार, भास्कर, राजेंद्र प्रसाद साह, शिवनारायण सिंह, दिलीप सिंह, जयकांत सिंह, राजेश राम, अमरिंदर भगत सहित लगभग सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## भाजपा के प्रत्याशी माधव चन्द्र महतो पहुंचे नाला



**संवाददाता नाला** (जामताड़ा)-- भाजपा के विधानसभा प्रत्याशी माधव चन्द्र महतो नाला पहुंचे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं के द्वारा नाला आमबगान स्थित एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष किशन मुर्मू की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने फुल माला पहनाकर भाजपा के प्रत्याशी माधव चंद्र महतो का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया और सामुहिक रूप से गीला शिकवा मिटाकर भाजपा के प्रत्याशी माधव चन्द्र महतो को विजय दिलाने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा के प्रत्याशी माधव चन्द्र महतो ने आलाकमान द्वारा दायित्व सौंपे जाने को लेकर आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा जिस उम्मीद के साथ आलाकमान के द्वारा मुझे बागडोर संभालने के लिए दायित्व सौंपा गया है हम तमाम कार्यकर्ताओं के सहयोग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझपर भारतीय जनता पार्टी ने विश्वास किया है इसलिए मैं केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व को सबसे पहले बधाई देना चाहता हूं और मैं शिक्षक रहा हूं और एक शिक्षक होने के नाते मेरा जो चुनावी एजेंडा है वह शिक्षा व्यवस्था को बढ़िया करना है। स्वास्थ्य व्यवस्था को बढ़िया करना है, यातायात को बढ़िया करना है किसान बहुल एरिया होने के चलते अजय बराज योजना में लाइनिंग करके उस व्यवस्था को हर खेत को पानी और हाथ को काम यह व्यवस्था सुनिश्चित करना मेरा टॉप प्रायरिटी में है। मौके पर तापस भट्टाचार्य, रंजीत तिवारी,अनाथ गोराई, जितेन राउत, काजल बाउरी,कमल पैतंडी, चन्द्र मोहन घोष, निमाई घोष, अक्षयानंद पाठक,रविलाल गोराई, प्रसेनजीत घोष, गिरिधारी ठाकुर, कैलाश मंडल, नरेन्द्र मुर्मू,चंचल खां,शिवधन हेम्ब्रम, गरीब देवांशी,असीम गोप सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पुलिस स्मरण दिवस का हुआ आयोजन



**गोड्डा** । न्यू पुलिस केन्द्र, गोड्डा में सोमवार को पुलिस स्मरण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के द्वारा शहीद स्तम्भ में पुष्प चक्र अर्पित कर देश के शहीद जवानों को स्मरण करते हुये नमन किया गया तथा शहीद हुये पुलिसकर्मी स्व0 छोटेलाल मुर्मू की पत्नी संगीता किस्कू एवं उनके बच्चों को सम्मानित किया गया। वहीं इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गोड्डा, जयप्रकाश नारायण चौधरी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोड्डा, अशोक रविदास, पुलिस उपाधीक्षक कुमार गौरव, आई0आर0बी0-8 गोड्डा, परिचारी प्रवर, पु0 के0, गोड्डा, परिचारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित रहे।

## भाजपा मंडल अध्यक्षों की बैठक में भाजपा प्रत्याशी को जिताने को कहा



**गोड्डा** । भाजपा कार्यालय मे गोड्डा विधानसभा के प्रभारी हरी मोहन मिश्रा ने गोड्डा के प्रखंड अध्यक्ष एवं महामंत्री के साथ बैठक की, जिसमे भाजपा जिला महामंत्री राजेश टेकरीवाल एवं जिला मीडिया सह प्रभारी प्रीतम गाडिया मौजूद थे।बैठक मे सभी मंडल अध्यक्षों से पन्ना प्रमुख और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक कर के भाजपा के प्रत्यासी की जीत सुनिचित करने को कहा गया।केंद्र सरकार की योजनाओं से जनता को अवगत करवाना,और सभी मतदाताओं से भाजपा को अधिक से अधिक मत देने की अपील करना है। कार्यकर्ताओं मे किंचित मात्र भी अगर शंका हो तो वरीय पदाधिकारीयों को इससे अवगत करवाएं ।समय कम है अब हम सभी को चुनाव कार्य मे मिल जुलकर कार्य करना है। बैठक मे बसंतराय मंडल अध्यक्ष सोनू सिंह, पथरगामा मंडल अध्यक्ष गोलू पंडित, बिशाहा मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह, गोड्डा सोनू झा, गायछान मंडल अध्यक्ष प्रताप नारायण दत्ता आदि गोड्डा विधानसभा के भाजपा मंडल अध्यक्ष और महामंत्री मौजूद थे।

## खेलो झारखंड प्रतियोगिता के कबड्डी स्पर्धा में भाग लेने गोड्डा की टीम रांची रवाना



**गोड्डा** । झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में रांची में आयोजित हो रहे खेलो झारखंड प्रतियोगिता के कबड्डी स्पर्धा में भाग लेने के लिए गोड्डा की टीम सोमवार को रांची के लिए रवाना हुए। उक्त प्रतियोगिता 22 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक खेल गांव, रांची में आयोजित होनी है। इस दौरान कुल 6 वर्गों में बालक- बालिकाओं की टीम कबड्डी स्पर्धा में अपनी दावेदारी पेश करेगी। टीम के साथ कोच व मैनेजर के रूप में शारीरिक शिक्षा शिक्षक नीरज कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, जितेंद्र कुमार, जोशुआ टुडू, रूपम कुमारी, स्नेहलता पूर्ति, मंगल सरदार, आशालता मुर्मू साथ जा रहे हैं। खिलाड़ियों को झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ गोड्डा जिला इकाई के अध्यक्ष शम्स परवेज़ तथा जिला सचिव आशुतोष पांडे, सज्जाद आलम, मुजफ्फर अली, कुमार चंदन, स्वासतेन पांडे, सुशील सिंह अनुपम मिश्रा, अनंत कुमार यादव, अजय कुमार राय, नीरज कुमार सिंह,सनी भारती, जहीर अब्बास ने शुभकामना देकर विदा किया।

## चुनाव को लेकर अंतरराज्यीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक



**गोड्डा** । आसन्न विधानसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर गोड्डा में पुलिस पदाधिकारी एवं सीमावर्ती क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारियों ने अंतरराज्यीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में अन्तराज्यीय जिला बांका के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बौंसी/थाना प्रभारी, बौंसी, धोरैया, पंजवारा एवं गोड्डा जिला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गोड्डा/थाना प्रभारी, पोड़ैयाहाट, मुफस्सिल, पथरगामा, बसंतराय, मोतिया ओ0पी0 के साथ बैठक की गई। जिसमें सघन वाहन चेकिंग अभियान कर अवैध आग्नेयास्त्र, मादक द्रव्य पदार्थ, शराब, नगदी आदि की बरामद एवं विधानसभा चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। वहीं मतदान कार्य में हिस्सा लेने की बात कही। वहीं विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में गोड्डा के पुलिस अधिकारी के अलावा जिले के सीमावर्ती थाना के निरीक्षक और थाना प्रभारी एवं अंतर्राजीय जिले के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## भाजपा से नाला विधायक रहे पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद झा बाटुल ने दिया इस्तीफा

**जामताड़ा** । सोमवार को जामताड़ा कोर्ट परिसर में राज्य के पूर्व कृषि मंत्री भाजपा से नाला के विधायक रहे सत्यानंद झा बाटुल ने प्रदेश अध्यक्ष को पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा भेज दिया। पत्रकारों से बात करते हुए सत्यानंद झा ने कहा कि मैं माधव चंद्र महतो को टिकट देने से नाराज नहीं हूं, बल्कि पार्टी के गलत कार्यकलाप से नाराज हूं । उन्होंने कहा कि हजारों की संख्या में दशकों से पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता नाला में मौजूद हैं, उसके बावजूद भी पार्टी ने एक ऐसे शख्स को टिकट दिया है जिसे ना तो दल बदलने में देरी लगती है और ना ही विश्वास घात करने में। उन्होंने कहा कि पार्टी को अगर मुझे टिकट नहीं देना था तो कम से कम ऐसे कार्यकर्ता को टिकट मिलनी चाहिए जो कई दशक से पार्टी का झंडा ढो रहे हैं और पार्टी के लिए समर्पित हैं तथा उनकी क्षमता है विधायक बनने की, परंतु पार्टी ने इन सभी मुद्दों को दरकिनार कर उस शख्स के हाथ में टिकट थमा दिया जिसके वजह से पार्टी नाला विधानसभा में दो बार हर का मुंह देख चुकी है। बाटुल झा ने कहा कि अपने समर्थकों और विधानसभा क्षेत्र की जनता से विचार विमर्श करने के उपरांत आगे का निर्णय लूंगा। समर्थक और कार्यकर्ता जो चाहेंगे उसी हिसाब से आगे की रणनीति तय होगी। उन्होंने कहा कि अपने इस गलत नीति के वजह से भारतीय जनता पार्टी पूरे संथाल परगना क्षेत्र में बहुत ही दुर्गति की ओर बढ़ रही है।

## सोने की चेन छीनकर बाइक सवार हुआ फरार

**जरमुंडी ।** जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत गरडी के निकट सोमवार की शाम एक वृद्ध महिला के गले से सोने की चेन छीनकर बाइक सवार दो उचक्के फरार हो गए। वृद्ध महिला जरमुंडी निवासी मिष्ठान्न विक्रेता कालू बंगाली की माता जी बताई जाती है। घटना को लेकर प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि बाइक सवार दो युवक पल्सर बाइक पर सवार थे। जो सोने की चेन छिनने के बाद तेजी से देवघर की ओर निकल भागे।

## एसपी कॉलेज में व्यवसाय शोध पर वर्ग सेमिनार



**दुमका।** संताल परगना महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में व्यवसाय शोध विषय पर वर्ग सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ के पी यादव ने की जबकि डॉ राजेन्द्र पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो रामवरण चौधरी, डॉ हीरा लाल राम, प्रो विनीता रानी टोप्पो, प्रो सुजीत कुमार आर्य उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डॉ पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि शोध बहते पानी की तरह होती है, शोध निरंतर होते रहने चाहिए एवं शोध से संबंधित बातों को विस्तार से समझाया। प्रो रामवरण चौधरी ने कविता के माध्यम से शोध प्रक्रिया में अध्ययन शिक्षण , चिंतन, मनन पर विशेष प्रकाश डाला। प्रो हीरालाल राम, प्रो विनीता रानी टोप्पो एवं प्रो सुजीत कुमार आर्य ने भी अपने संबोधन में शोध की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वाणिज्य विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर एस के एंबेसडर ने शोध पर विस्तार से चर्चा की जिसमें हाइपोथेसिस रिसर्च प्रोसेस रिपोर्ट राइटिंग रिसर्च मेथड इत्यादि अनेक तत्वों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को शोध पत्र प्रस्तुत करने की सही प्रक्रिया को बताया। मंच संचालन विभाग के शिक्षक डॉ उपेंद्र कुमार ने किया तथा अपने संबोधन में शोध प्रक्रिया को विस्तार से बताया। डॉ मनीष कुमार ने विभाग के लगातार हो रहे क्रियाशीलताओं को बताया। डॉ अंबुज ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा सेमिनार में धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस आयोजन पर महाविद्यालय के अन्य शिक्षकों यथा डॉ कुमार पीयूष, डॉ एस के सिंह, डॉ अनीता चक्रवर्ती, डॉ रूपम कुमारी डॉ सुमित्रा हेंब्रम, डॉ सत्यम कुमार, डॉ सीमा कुमारी, डॉ त्रिजा जेनिफर टोपो आदि शिक्षकों ने बधाई देते हुए कार्यक्रम की प्रशंसा की।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**मसलिया ।** साहिबगंज गोविंदपुर स्टेट हाईवे मसलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हतियापाथर मोड़ के पास बीती रात को सड़क दुर्घटना में लहर जोरिया गांव के एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार लहरजोरिया गांव का 26 वर्षीय दिलीप मुर्मू बताया जा रहा है। जो गोलबंधा स्थित छाता मेल से मेला देखकर रात्रि 2:00 बजे घर लौट रहा था इसी बीच अज्ञात वाहन के चपेट में आकर उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गया। ग्रामीणों ने बताया की दिलीप मुर्मू दुमका के जामा प्रखंड नाचनगढ़िया पंचायत के श्यामपुर गांव में अपने ससुराल में परिवार के साथ रहता था । वह अपने पैतृक गांव लहर जोरिया आया था। सड़क दुर्घटना की खबर मसलिया पुलिस को लगने के बाद मृतक का शरीर को पोस्टमार्टम के लिए दुमका फूलों झानो मेडिकल एवं अस्पताल भेज दिया है । मृतक अपने पीछे दो बच्चे मां व पत्नी को छोड़कर गया है।

## 10 घंटे बाद बहाल की गयी बिजली आपूर्ति

**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों बिजली विभाग कि लचर व्यवस्था के कारण खुटोजोरी, गुमरो, मसानजोर, बास्कीडीह,बाडाडुमरीया पांच पंचायत के सैकड़ों गांव के बिजली उपभोक्ताओं लो वोल्टेज,घंटों बिजली गुल रहने जैसी विकट परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहे हैं। रविवार देर रात को बभनडीहा और निलकोठी गांव के बीचोबीच स्थित मैदान में 11हजार हाईटेंशन तार जमीन पर गिर गई। रात भर जमीन पर गिरा हुआ तार से आग घांस में लगी रही। ग्रामीणों को हाईटेंशन तार गिरने की जानकारी होने से अपने बच्चे व मवेशियों उस ओर जाने से रोके रखा। सूचना पाकर बिजली मिस्त्री संतोष शर्मा घटनास्थल पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से छतिग्रस्त तार की मरम्मती करते बिजली आपूर्ति को बहाल कर दिया। मसलिया पश्चिमी के खुटोजोरी, गुमरो, मसानजोर, बाडाडुमरीया,बास्कीडीह पंचायत के लोगो के मांग पर पूर्व मंत्री सह दुमका विधायक बसंत सोरेन ने आश्रममोड़ में बिजली सबस्टेशन का निर्माण करवाया है। लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण अब तक इन पंचायतों में लाइन नहीं जोड़ा गया है। यहां के बिजली उपभोक्ताओं को आज भी देवघर के सिमला पावर हाउस पर आश्रित है।

## प्राचार्य पुनीत को खोरठा कविता के लिए सम्मानित




**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोलबंधा के प्राचार्य पुनीत कुमार साव को रविवार रात्रि बोकारो स्थित पेटरवार मिर्जापुर चिनियागढ़ा के खोरठा भाषा साहित्य सम्मेलन में सम्मानित किया गया। श्री साव विद्यालय में पढ़ाने के साथ साथ खोरठा भाषा लेखन व गायन में रुचि रखते हैं। उनकी खोरठा किताब याब हमहु पढ़ बऊ गो मइया काफी प्रचलित कविता है। जिसका गद्य और पद्य संग्रह का भी विमोचन किया गया। उक्त पुस्तक में पांच कहानियों व चालीस कविताओं का संग्रह पाठकों को पढ़ने को मिलेगा। इसके लिए उन्हें शाल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया मौके पर दर्जनों कवि प्रेमी उपस्थित रहे।

## बीडीओ ने किया विभिन्न कोषांगों का गठन

**रानीश्वर ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के आदेश पर सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने सोमवार को विभिन्न कोषांगो का गठन किया।साथ ही विधानसभा चुनाव 2024 के लिए प्रतिनियुक्त कर्मचारियों एवं पदाधिकारी के साथ बैठक कर कार्य का निष्पादन सजगता के साथ ससमय पूरा करने का आदेश दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि आचार संहिता उलंघन का मामला प्रकाश में आने पर त्वरित करवाई करें। उन्होंने कर्मचारियों को बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ने का सख्त आदेश दिया। इसके अलावा बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने थामा प्रभारी बलराम सिंह के साथ पश्चिम बंगाल सीमा की स्थित दिगुली एवं महेश खाला चेकनाका का निरीक्षण करते हुए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस जवानों को आवश्यक निदेश दिए।

## फुटबॉल टूर्नामेंट, असहायों के बीच कंबल वितरण और दुर्वादल बांगला पत्रिका का विमोचन



**रानीश्वर ।** थाना अन्तर्गत सौ साल पुराना सतीश चन्द्र उच्च विद्यालय प्रांगण में सेंटिनारी वेलफेयर कमिटी की अगुवाई में 20 अक्टुवर रविवार दोपहर दो बजे विद्यालय के प्रतिष्ठा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन में विशिष्ट अतिथि के तौर पर विद्यालय प्रतिष्ठाता परिवार के सदस्य मधुसूदन दास, रंजित कुमार दास, देवाशीष कुमार दास, कालेज के पुर्व प्राचार्य अब्दुल रईस खान, शिक्षाविद विश्वजीत घोष, पत्रकार सनातन सौ, प्रदीप पातर,भोला घोष,निर्मल दास अभिजीत पाल उपस्थित थे। विद्यालय के प्रतिष्ठाता स्व0 सतीशचन्द्र दास के मुर्ति पर माल्यार्पण और पुष्पगुच्छ प्रदान कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। विद्यालय के पुर्व छात्र दुलाल चन्द्र पाल, सीताराम घोष, शिक्षाविद शिवानी दास और झारखंड सांगली समिति के प्रदेश अध्यक्ष सह जाने माने फुटबॉल खिलाड़ी विमलभुषण गुहा उर्फ बाबु गुहा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया तथा विदेही आत्माओं के स्मृति में एक मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। आयोजन के दुसरे सत्र में पार्थसारथी दास के तत्वावधान में स्वर्गीय शोभा रानी दास स्मृति महिला फुटबॉल टुर्नामेंट का आयोजन किया गया।जबकी पुरुषों का दोस्ताना फुटबॉल मैच खेला गया। विजेता और रनार अप टीम के साथ?साथ सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया गया। स्वर्गीय मिनति घोष के स्मृति में दुःस्थ और असहायों को विश्वजीत घोष के सौजन्य से कंबल वितरण किया गया। सैकड़ों की संख्या में झारखंड और बंगाल के दर्शक उपस्थित थे।

# बासुकीनाथ अग्निकांड पीड़ित दुकानदारों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की

### कहा-प्रशासन सहानुभूति पूर्वक मामले में पहल कर उचित मुआवजा प्रदान करें



संवाददात

**जरमुंडी ।** बासुकीनाथ के चुड़ीगली में अग्निकांड से पीड़ित दुकानदारों ने सोमवार को प्रशासन से मुआवजे की मांग की। बासुकीनाथ चूड़ी गली और सब्जी बाजार के दर्जनों दुकानदारों ने प्रशासन से सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए यथाशीघ्र मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। बता दें की रविवार को अग्निकांड के पीड़ित दुकानदारों की सूची सीआई अभिषेक कुमार एवं राजस्व कर्मचारी अवनी कांत वाजपेयी ने बनाई थी। इसमें बड़े हालसेलर व दुकानदार की संख्या 72 जबकि फुटपाथी दुकानदार की संख्या 37 सहित कुल 109 प्रभावित दुकानदार शामिल थे। इस मौके पर समाजिक कार्यकर्ता मिथलेश कुंवर के साथ अग्निकांड के पीड़ित दुकानदार कुंदन लाहा, गौतम भगत, सेतु भगत, दिनेश झा, भूकरु दास, बलराम दास, पुटू पाल, बबलू भगत, आनंद भगत, लालू भगत, महेंद्र भगत, बली प्रसाद यादव, हरिप्रसाद शील, उदयनारायण राय, सुधीर राव, रामप्रसाद हजारी, महेंद्र मंडल, चंदन राव, दीपक कुमार चौरसिया, प्रदीप राव, शंकर चौरसिया, संध्या देवी, राजेश कुमार साह, विपीन दे, प्रभात दे, मणिभूषण सेन, प्रकाश राय, मुन्ना भगत, अशोक पाल, विश्वनाथ वर्मा, रविकांत भगत, रंजीत भगत, लालू गोस्वामी, संजय भगत, लक्ष्मी कुमारी, संजय वर्मा, रितीक वर्मा, सेतु भगत, अजय प्रसाद भगत, संजय ठाकुर, विद्यासाह खटिक, अमन कुमार का, राकेश कुमार लाहा, विष्णु लाहा, शंभू ठाकुर, दीपक कुमार मंडल, संजीव झा, विकास चंद्र झा, मनोज दास, शशि भगत, श्याम सुंदर मंडल, रजनीकांत भगत, हृदय मंडल सहित भारी संख्या में पीड़ित दुकानदार मौजूद थे।

## 4 वर्षीय बच्ची को ऑटो ने रौंदा, इलाज के दौरान मौत



संवाददाता

**नोनीहाट।** नोनीहाट-बासुकीनाथ मुख्य मार्ग पर हँसडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबई नदी नोनीहाट समीप नोनीहाट की ओर से आ रही है ऑटो ( जेएच 15 ए एफ 8220) ने 4 वर्षीय बच्ची को अपने चपेट में ले लिया । घटना के विषय में बताया जा रहा है 4 वर्षीय बच्ची कल्पना कुमारी जो कि अपनी दादी के साथ गाय चेरा कर अपने घर वापस आ रही थी इसी दौरान नोनीहाट की ओर से आ रही तेज रफ्तार ऑटो ने बच्ची को ठोकर मार दिया । जिससे बच्ची सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों के द्वारा घायल कल्पना कुमारी को इलाज के लिए नोनीहाट लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए फूलों-झानों मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल दुमका ले जाया गया। जहाँ इलाज के दौरान कल्पना कुमारी की मौत हो गई । स्थानीय ग्रामीणों ने ऑटो पकड़ा । मृतिका कल्पना कुमारी अपने पिता विशाल राय एवं माता राबड़ी देवी की एकमात्र पुत्री थी। इस प्रकार की घटना से मृतिका कल्पना कुमारी के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

## बासुकीनाथ में सालों भर दमकल वाहन की व्यवस्था हो : अभयकांत

### पूर्व सांसद अभयकांत प्रसाद ने पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात की



संवाददाता

**जरमुंडी ।** बासुकीनाथ मुख्य बाजार एवं चूड़ी गली में भीषण आग लगने से आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके दुकानदारों से भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य अभयकांत प्रसाद ने मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित दुकानदारों को सांत्वना दिया। अभयकांत प्रसाद ने कहा कि मैं सरकार से मांग करता हूं कि पीड़ित दुकानदारों को उचित मुआवजा यथाशीघ्र दिया जाए। भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए आवश्यक पहल किया जाए। बासुकीनाथ मंदिर न्यास समिति एवं बासुकीनाथ नगर पंचायत में स्थायी रूप से दमकल की व्यवस्था की जानी चाहिए। इस मौके पर बड़ी संख्या में अग्निकांड में पीड़ित दुकानदार व अन्य मौजूद थे।

# पुलिस लाइन में मनाया गया पुलिस संस्मरण दिवस

### एसपी ने पुलिस अधिकारियों व जवानों संग शहीदों को दी श्रद्धांजलि



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने सोमवार को जिले के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (जरमुंडी), परीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक दुमका समेत सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों के साथ पुलिस केंद्र दुमका में पुलिस संस्मरण दिवस के उपलक्ष्य पर शहीदों को श्रद्धा सुमन व श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

मौके पर पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि आज के ही दिन 21 अक्टुबर 1959 को लेह लदाख के हॉट स्प्रीगं में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के उपाधीक्षक करम सिंह अपने बीस बहादुर जवान साथियों के साथ चीनी सेना के साथ अपनी देश की सीमा की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हो गये थे, तब से हम प्रतिवर्ष इस तिथि को पुलिस संस्मरण दिवस के रूप में मनाते है। आज हम उन शहीद जवानों को याद कर नमन करते है। उन्होंने कहा कि आज हम सभी केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों तथा राज्य पुलिस बलों के उन बहादुर पदाधिकारियों एवं जवानों को याद करते है जिन्होने देश की सीमाओं की रक्षा तथा आन्तरिक सुरक्षा एवं शान्ति स्थापित करने के दौरान अपनी प्राणों की आहूति दी है। देश की सीमा की रक्षा, आन्तरिक सुरक्षा एवं शान्ति स्थापित करने के क्रम में विगत एक वर्ष यानी 01 सितम्बर-2023 से 31 अगस्त-2024 तक कुल 229 पदाधिकारी एवं जवान शहीद हुए है। इन शहीद पुलिसकर्मियों में हमारे झारखण्ड पुलिस के 04 पुलिसकर्मी भी शहीद हुए है, जिनके नाम हवलदार - चौहान हेम्ब्रम,आरक्षी सिकन्दर सिंह,आरक्षी सुकन राम एवं आरक्षी रामदेव महतो हैं। पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने कहा कि झारखण्ड राज्य के इन शहीद पुलिसकर्मियों के साथ-साथ हम उन सभी पुलिसकर्मियों को नमन करते है तथा उन्हें अपनी श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं जिन्होने विगत एक वर्ष में अपनी शहादत दी है। हम दुमका जिलाबल के पूर्व में शहीद हुए उन सभी आठ पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों को भी नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करते है। पुलिस संस्मरण दिवस पर परिचारी प्रवर पुलिस केंद्र दुमका रमेश कुमार मंडल एवं पुलिस केंद्र के परिचारी प्रवर संपत्ति एवं परिवहन शाखा के साथ-साथ सभी पुलिस पदाधिकारी, भूतपूर्व पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष, पुलिस कर्मी एवं सहायक पुलिस कर्मियों के द्वारा के द्वारा संध्या में कैंडल जलाकर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

## जिला स्तरीय विद्यार्थी विज्ञान सेमिनार में 25 प्रतिभागी ने लिया भाग, दो का चयन

संवाददाता

**दुमका।** जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार के अध्यक्षता में सोमवार को शिक्षा विभाग की ओर से जिला स्तरीय विद्यार्थी विज्ञान सेमिनार का आयोजन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय जिला स्कूल दुमका में किया गया। इस वर्ष का मुख्य विषय कृत्रिम बुद्धिमत्ताः संभावनाएं एवं सरोकार है। इस विषय पर प्रस्तुति देने के लिए जिले के हाई स्कूल से 25 प्रतिभागी ने भाग लिया। निर्णायक मंडल के सदस्यों द्वारा निम्न दो प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय विद्यार्थी विज्ञान सेमिनार के लिए किया गया। जिसमें सिदो कान्हु उच्च विधालय रघुनाथपुर से अरनव झा एवं प्लस टू राजकीय कन्या उच्च विद्यालय से प्रज्ञा भारती का चयन राज्य स्तरीय विद्यार्थी विज्ञान सेमिनार के लिए चयन किया गया। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को नवंबर माह में रांची में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार में भाग लेने को लेकर भेजा जाएगा। निर्णायक मंडल के सदस्य पूर्णेन्दु मंडल, शिवाकांत त्रिपाठी, कंचना कंचन एवं अनन्या चटर्जी द्वारा सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुत्ति का मूल्यांकन किया गया एवं उनसे मौखिक प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थी विज्ञान सेमिनार के प्रारंभ में सभी प्रतिभागियों से 20 प्रश्नों की एक लिखित परीक्षा भी ली गई। कार्यक्रम का समन्वयन शिशिर घोष, सचिव, साइंस फॉर सोसाइटी दुमका द्वारा किया गया। आगत अतिथियों शिक्षकों एवं प्रतिभागियों का स्वागत बब्बन सरकार प्राचार्य जिला स्कूल दुमका द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी एवं मुख्य विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संभावनाएं एवं सरोकार के बारे में भी जानकारी दी। मंच का संचालन निवास रजक शिक्षक द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के प्रभारी संजीव कुमार ने सक्रिय सहयोग किया। सेमिनार में जिला स्कूल, नेशनल स्कूल, सिदो कान्हू स्कूल दुमका रघुनाथपुर, उच्च विद्यालय बैनागड़िया, महूरा, सरैयाहाट, तालझारी लकड़ापहाड़ी एवं जरमुंडी उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सेमिनार में भाग लिया।

## अवैध रूप से पत्थर चिप्स ले जा रहे चार वाहन जब्त



संवाददाता

**दुमका ।** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के निदेश पर मुफसिल थाना क्षेत्र में सोमवार को खान निरीक्षक ने वाहन जांच अभियान चलाकर की अवैध रूप से पत्थर चिप्स ले जाते चार वाहनों को जप्त कर मुफ्फसिल थाना को सुपूर्द कर दिया है। अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन के रोक थाम को लेकर खान निरीक्षक बह्मदेव यादव ने सोमवार को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रिंग रोड के समीप वाहनों की जांच की। जांच के क्रम में चार वाहन पत्थर चिप्स ले जाते पाये गए। जिस पर वाहनों के चालक से कागजात की मांग की गयी,लेकिन चालक के द्वारा किसी प्रकार का चालान व संबंधित कागजात उपलब्ध नहीं करवाया गया। जिस के बाद खान निरीक्षक के द्वारा वाहनों को जप्त कर लिया गया एवं थाना को सुपूर्द कर दिया गया। मामले में जिला खनन पदाधिकारी ने कहा है कि जिले में किसी कीमत पर अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ विभाग लगातार छापेमारी कर रहा है एवं दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने आमजनों से भी अपील किया है कि जिले में कही भी अवैध खनन,परिवहन या भंडारण होते देखते है तो इसकी सूचना दे ताकि ऐसे कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके।

## सांसद ने वृंदावनी में कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



संवाददाता

**रानीश्वर ( दुमका ) ।** शिकारीपाड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में झामुमो दल अपने प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। सोमवार को सांसद नलिन सोरेन ने दल के संभावित प्रत्याशी आलोक सोरेन के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रखंड अध्यक्ष बाबुजन हेम्ब्रम, सचिव नौशाद शेख ,जिला उपाध्यक्ष भैरव दत्त ,चंडी चक्रवर्ती ,अब्दुल रईस खान बख्सिस खान, दिलीप महातो , प्रदीप घोष , रफीक खान, अशोक गोराई राजीव लायेक, के साथ काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे।

## यादव सभा का विजया सम्मेलन

### झारखंड के डेलिगेट भाग लेकर चौदह सूत्री मांग पत्र पर जताई सहमति



संवाददाता

**दुमका ।** बीते रविवार को संतोष घोष की अध्यक्षता में बीरभूम जिला यादव सभा का विजया सम्मेलन हुई । जिसमें झारखंड के जामताड़ा और दुमका जिला के डेलिगेशन ने भाग लेकर आम सहमति के आधार पर चौदह सूत्री मांग पत्र पर आपसी सहमति जताई। सम्मेलन के प्रथम सत्र में जिलाध्यक्ष सुबोध घोष, सचिव बामदेव मंडल एवं राज्य कमेटी के सदस्य सह दुबराजपुर प्रखंड अध्यक्ष विपदतारण घोष के संयुक्त नेतृत्व में कुमारी कन्याओं ने कलश यात्रा के साथ ग्राम परिक्रमा की। गांव में स्थित अन्नपुर्णा मंदिर में कलश स्थापना के पश्चात अतिथियों को ललाट पर चंदन तिलक लगाने के साथ पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। राज्य स्तर से लेकर जिला स्तर के प्रतिनिधियों ने प्रथम सत्र के परिचर्चा में यादव जाति के आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक स्थिति के बारे में गहन विचार विमर्श किया। आयोजन में मुख्य अतिथि उमापद घोष,विशिष्ट अतिथि भजहरि घोष,शरत घोष, विशेष आमंत्रित अतिथिके रुप में दयामय माजिद, महासचिव ,पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा संताल परगना के साथ साथ बीरभूम जिला समिति के अधिवक्ता सुकुमार घोष व प्रदीप घोष,अजित घोष,शरोत घोष,संतोष घोष,सेवानन्द पातर,विद्युत घोष, यामिनी घोष, चांद गोपाल , महिला समिति के सुलता घोष, मधुमिता घोष, रेणुका घोष सहित सैकड़ों सक्रिय कार्यकर्ता और गन्यमाण ग्रामीण महिला,पुरूष उपस्थित थे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन बलराम घोष ने किया।

## सभी बीएलओ व सरकारी कर्मियों को दिलाई गई स्वच्छ एवं निष्पक्ष मतदान कराने की शपथ



संवाददाता

**गोपीकांदर ।** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओ को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार को गोपीकांदर प्रखंड परिसर में सीडीपीओ गीता बेसरा और प्रखंड नोडल पदाधिकारी विशाल कुमार के द्वारा प्रखंड के सभी बीएलओ एवं सरकारी कर्मियों को स्वच्छ एवं निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलायी। साथ ही सभी बीएलओ को निर्देश दिया गया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में मतदान के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक संख्या में मतदान हो सके। बीएलओ एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोस्टर देकर क्षेत्र में प्रचार करने का निदेश दिया गया। मौके पर हल्का कर्मचारी पीटर सोरेन, प्रखंड निर्वाचन कम्प्यूटर आपरेटर अमित कुमार, ओडमो पंचायत सचिव भुनेश्वर देहरी, मुखिया जोगाई गृही, स्नेहलता टुडू, बिना देवी, नयोनी किस्कू, उषा किरण किस्कू, कुमिला टुडू, मालोती मुर्मू सहित अन्य आदि मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर नैतिक मतदान को लेकर दिलाया गया शपथ



संवाददाता

**दुमका।** विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार सभी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आज स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर नैतिक मतदान को लेकर शपथ दिलाया गया। इस दौरान क्षेत्र के मतदाताओं समेत प्रखंड,अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी नैतिक मतदान करने का शपथ लिया।

इसी क्रम में सहायक समाहर्ता अभिनव प्रकाश एवं पूरी स्वीप कोषांग की टीम द्वारा रेलवे स्टेशन, एसपी कॉलेज सहित विभिन्न स्थलों पर मतदान के संदेश से भरे पोस्टर चिपकाए गए। सड़क पर परिचालित ऑटो, रिक्शा, बस, दीवार, दुकानों इत्यादि पर यह पोस्टर चिपकाए गया। इस दौरान सभी स्थलों पर पोस्टर चिपकाए के बाद उपस्थित मतदाताओं को मतदान की जानकारी दी गई। सभी के साथ मतदाता शपथ भी लिया गया।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसांईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही' फोन न. 7367009287, 9771486686